



खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 8 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 36 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

**कर्नल सोफिया कुरैशी** ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए मासूम नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया वहां से आतंकियों के प्रमुख और बड़े प्रशिक्षण शिविर संचालित किए जा रहे थे।



**विंग कमांडर व्योमिका सिंह** ने बताया कि ऑपरेशन के लिए ठिकानों का चयन विश्वसनीय खुफिया जानकारी और इन ठिकानों की गतिविधियों के आधार पर किया गया था। इनका चयन करते समय यह बात ध्यान में रखी गई थी कि नागरिक ठिकानों और आम लोगों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे।

## देश के 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों पर 10 मई तक रोक

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में 18 हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को 10 मई तक रोक दिया गया है। भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के कुछ घंटों बाद बुधवार तड़के अचानक सिविल उड़ानों को बंद करने के निर्देश दिए गए। सूत्रों के अनुसार, जिन हवाई अड्डों पर सिविल उड़ानों को बंद किया गया है उन हवाई अड्डों की सूची में लेह, थोइस, श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, ग्वालियर, जैसलमेर, बीकानेर, जामनगर, भठिंडा, भुज, धर्मशाला, शिमला, राजकोट और पोरबंदर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार उड़ानें रोकने के लिए नोटिस टू एयरमैन भी जल्द ही जारी किए जाने की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये हवाई अड्डे 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद रहेंगे। इनमें नियमित उड़ानें और चार्टर्ड उड़ानें दोनों शामिल हैं।

## दिल्ली से लेकर मुंबई तक हुई मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में बढ़ते तनाव और संभावित हमले की आशंका के मद्देनजर बुधवार को देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 244 जगहों पर युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल हुई। बता दें कि, इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से सभी राज्यों को निर्देश जारी किया गया था।

## पहलगाम हमले के शहीदों की पत्नियों को देश के सैन्य बलों ने किया नमन

# ऑपरेशन सिंदूर

# 25 मिनट, 24 मिसाइल हमले आतंकियों के नौ ठिकाने ध्वस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन-चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ 24 मिसाइल हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी।

दावा है कि हमलों में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती, प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड हैं। श्री मिस्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमापार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदाराना थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। इसमें निर्दोष लोगों की जान नहीं गई और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम हमले के बाबत जारी बयान की भावना के अनुरूप है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मॉड्यूल पर हमारी खुफिया निगरानी से संकेत मिला था कि भारत पर आगे भी हमले हो सकते हैं, अत: इन्हें रोकना और इसने निपटना दोनों को बेहद आवश्यक समझा गया। गुरुवार सुबह भारत ने -शेष पृष्ठ दो पर



## सेना ने सटीक निशाना साध केवल आतंकियों के ठिकाने किए ध्वस्त




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ योजना के अनुसार पहले से तय किए गए आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर इतिहास रचा है। श्री सिंह ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर पहली प्रतिक्रिया में जोर देकर कहा कि इस कार्रवाई में किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा सा भी नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों को ठिकाने लगाकर आतंकवाद की कमर तोड़ना था। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सेना ने केवल उन्हीं को मारा है, जिसने भारत को आहत किया था।

## ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब, हमें सेना पर गर्व: शाह



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के सटीक जवाब के लिए अपने सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला बताते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भारत दृढ़रूप से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की नृशंस हत्या का भारत का जवाब है। मोदी सरकार भारत और उसके लोगों पर किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने सेना की कार्रवाई व सैन्य बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रशंसा की और सेना पर गर्व किया है।

## भारतीय सेना के हमलों में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के बहावलपुर सुभानअल्लाह परिसर में किए गए हमलों में कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं।

आतंकवादी समूह ने इस परिसर का इस्तेमाल शरणस्थली के रूप में किया था। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बड़ी बहन और बहनोई, उसका भतीजा और उसकी पत्नी शामिल हैं। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख के बयान का हवाला देते हुए समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके परिवार की एक और भतीजी और पांच बच्चे भी मारे गए। इसमें कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए हैं । भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ आतंकवादी शिविरों पर हमला किया है। बहावलपुर में सुभानअल्लाह परिसर पर हमला 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए दो महत्वपूर्ण हमलों में से एक था। इन हमलों में 80 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं।

## मोदी की यूरोप के तीन देशों की यात्रा टली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह के मध्य में क्रोएशिया, नॉर्वे एवं नीदरलैंड्स की यात्रा स्थगित कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों की सीमापार कार्रवाई एवं उसके बाद उपजी परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी की यूरोप के इन तीन देशों की यात्रा टाल दी गई है। श्री मोदी को 12 मई से 17 मई तक इन देशों की यात्रा करनी थी।

## अपने सैन्य बलों पर गर्व है: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला करार देते हुए बुधवार को कहा कि सफल सिंदूर अभियान को अंजाम देने वाले अपने सशस्त्र बलों पर उन्हें गर्व है। श्री गांधी ने कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ पहले दिन से ही तीखे तेवर अपनाते हुए श्री गांधी ने इस आतंकी कार्रवाई का करारा जवाब देने का सरकार से आग्रह करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी इस हमले पर हर जवाबी कार्रवाई में सरकार के साथ खड़ी है।

# सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 22 नक्सली किए ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर की करेंगुट्टा पहाड़ी पर जारी 'नक्सल उन्मूलन ऑपरेशन' के 16वें दिन बुधवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 20 से 22 नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया। इनमें से अब तक 18 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

नक्सलियों के मूवमेंट की पुष्टि ड्रोन कैमरे से लिए फोटो में भी हो रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबल चौतरफा घेरे हुए हैं। इस ऑपरेशन पर दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भी नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) (नक्सल ऑप्श) विवेकानंद सिन्हा, सीआरपीएफ के महानिरीक्षक (आईजी) राकेश अग्रवाल व बस्तर के आईजी पी. सुंदरराज भी मुठभेड़ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उम्मीद है शाम तक जवान ऐतिहासिक सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। नक्सलियों को उनके मांद में डीआरजी कोबरा, सीआरपीएफ और एसटीएफ के बहादुर जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ी के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी जारी है। सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बीजापुर जिले और उससे सटी तेलंगाना सीमा पर पिछले 16 दिनों से नक्सल विरोधी अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बुधवार सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी हो रही है।

### 18 नक्सलियों के शव बरामद

छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि अब तक पुलिस ने 18 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। गोली बारी जारी है। इधर बस्तर रेंज के आईजी पी सुंदरराज ने जारी बयान में कहा है कि गुरुवार को ऑपरेशन संकल्प के अच्छे परिणाम की अपेक्षा है। सभी सुरक्षाबल सुरक्षित हैं और बस्तर क्षेत्र को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे। चूंकि ऑपरेशन प्रगति पर है सुरक्षा कारणों से इस समय संपूर्ण जानकारी साझा नहीं की जा सकती। उपयुक्त समय पर अधिकृत पदाधिकारी आवश्यक जानकारी साझा करेंगे।

## पाकिस्तान की नागरिक क्षेत्रों में भारी फायरिंग में 15 निर्दोष लोगों की मौत

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमलों के बाद बौखलाया पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर देर रात से भारी गोलीबारी कर रहा है, जिसमें पुंछ और तंगधार में 15 निर्दोष लोगों की मौत हो गई और 43 अन्य घायल हो गए। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है और पाकिस्तानी चौकियों पर हमले में कई पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर है। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सेना ने कहा है कि हताश पाकिस्तानी सेना ने पुंछ और तंगधार क्षेत्रों में नागरिक ठिकानों और आबादी को निशाना बनाकर फायरिंग की है। सेना ने कहा कि वह पाकिस्तान की अंधाधुंध फायरिंग का करारा जवाब दे रही है।

## मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया ऑपरेशन का अपडेट



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की और केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में भी इस पर चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### ओवैसी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय रक्षा बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया है। ओवैसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि मैं पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमारे रक्षा बलों द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करता हूं। पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए कि अब कभी दूसरा पहलगाम नहीं हो सकता। पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए। जय हिंद। ऑपरेशन सिंदूर। ओवैसी की टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़े तनाव के मद्देनजर आई है जिसने अपने रणनीतिक और सुरक्षा निहितार्थों के लिए राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है।

### पटनायक, केजरीवाल ने दी सेना को बधाई

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक तथा आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ की गई सफल सैन्य कार्रवाई के लिए भारतीय रक्षा बलों को बधाई दी है। पटनायक ने कहा कि मुझे बताया गया है कि भारतीय सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में सफलता मिली है। मैं उन्हें तहेदिल से बधाई देता हूं। केजरीवाल ने कहा कि मुझे भारतीय सेना और हमारे बहादुर सैनिकों पर गर्व है। आप पार्टी के संजय सिंह ने भी कहा कि अब समय आ गया था कि सेना ने आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया है और वह भारतीय सेना को सर झुका के नमन करते हैं।

### सैन्य कार्रवाई मन मुताबिक, अब सभी बरतें संयम: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने कहा है कि भारतीय सैन्य बलों की कार्रवाई उनके मन के मुताबिक हुई है और बदला ले लिया गया है। थरूर ने कहा कि संघर्ष इसी न्यायपूर्ण जवाबी कार्रवाई तक सीमित रहे इसलिए अब सभी पक्षों को संघर्ष को नियंत्रित करने के लिए काम करना होगा। हमारे सैन्य शक्ति की आतंकी ठिकानों पर सुनियोजित, गणनापूर्ण, सटीक हमलों का एक सेट। ठीक वैसी की कारवाई हुई, जिसकी मैंने पिछले सप्ताह वकालत करते हुए कहा था कि जोरदार प्रहार करो, चतुराई से प्रहार करो। मैं सरकार की सराहना करता हूं और अपने बहादुर सशस्त्र बलों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा हूं।

### सेना के साहस और पराक्रम पर देश को गर्व: नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर आज कहा कि सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है।

# एयर स्ट्राइक पर मुसलमानों ने तिरंगा यात्रा निकाली

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ मुस्लिम शिया धर्म गुरु बोले- जवानों को सलाम

भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से देशभर में जश्न का माहौल है। जैसे ही दुश्मन देश पर भारतीय सेना के हमले की खबर लोगों को हुई, लोग हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर आए।

भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक पर लोग जश्न मना रहे हैं, आतिशबा. जी और ढोल की थाप पर झूम रहे हैं। देश 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज रहा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारतीय सेना की बहादुरी की चर्चा हो रही है। संगम नगरी प्रयागराज में लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए आतिशबाजी की। मुस्लिम समाज के लोग गदगद हैं। ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन ने सैन्यकर्मियों के साहस को सलाम किया। इस खुशी में धार्मिक नगरी मथुरा में दिनेश फलाहारी ने मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि आज भारत ने अपनी ताकत का सिर्फ अभी छोटा सा ट्रेलर दिखाया है। संगम नगरी प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर शांडिल्य महाराज ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

यहां लोगों ने जमकर आतिशबा. जी की। राज्य की राजधानी लखनऊ में भी लोग जश्न में डूबे हुए हैं। 1090 चौराहे पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा और सनातनी झंडा लेकर खुशी मनाई। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मॉर्निंग वॉक पर आईं महिलाओं ने पाकिस्तान पर गुस्सा उतारा।

# पहलगाम में मृतकों के परिजनों ने जताई खुशी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से पहलगाम में मारे गए 26 निर्दोष लोगों के परि. जनों में जश्न का माहौल है। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों में दो विदेशी भी शामिल थे। इनमें एक संयुक्त अरब अमीरात से और दूसरा नेपाल से थे। 22 अप्रैल को आतंकियों ने सभी का धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी थी। मृतकों में इंदौर, मुंबई, हरियाणा, उत्तराखंड, कोलकाता, नेपाल, कानपुर, बिहार, बेंगलुरु, पुणे, भावनगर और अन्य स्थानों के पर्यटक शामिल थे।

भारतीय सेना की इस कार्रवाई के बाद बिहार के रोहतास जिले के अरूही गांव में जश्न का माहौल है। अरूही वह गांव है, जहां के निवासी आईबी के अधिकारी मनीष रंजन थे, जिनकी आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। मंगलवार की देर रात भारतीय सेना के द्वारा की गई कार्रवाइ के बाद आईबी अधिक. ारी मनीष रंजन के भाई शशि मिश्रा ने खुशी जताई है। उन्होंने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है और इसे जड़ से मिटाने के लिए लगातार इस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए। शहीद मनीष रंजन के चाचा दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह से हमारे बहन-बेटियों के सिंदूर को उजाड़ा है, उसी तरह हमारे सैनिकों ने भी ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सिंदूर का बदला ले लिया है। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए हरियाणा के करनाल निवासी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की मां आशा नरवाल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि मोदी सरकार ने बदला ले लिया है। उनका परिवार और सारी जनता उनके साथ है।

## भारतीय सेना ने सिंदूर का बदला ले लिया




### शुभम के पिता बोले 'सैल्यूट आर्मी'

**कानपुर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के परिवार ने आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सैन्य बलों के प्रति आभार व्यक्त किया है। शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि थैंक्यू मोदी जी, सैल्यूट आर्मी। उन्होंने भारतीय सेना की कार्रवाई को सलाम करते हुए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया और कहा, सेना की इस कार्रवाई ने हमें सरकार पर भरोसा करने का हौसला दिया है। शुभम की पत्नी ऐशन्या ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ जो कार्रवाई की गई है। ये उनके पति को सच्ची श्रद्धांजलि है। यूपी विस अध्यक्ष सतीश महाना शुभम द्विवेदी के घर पहुंचे और शोक संतप्त वातावरण के बीच उन्होंने शुभम की पत्नी के चरणों में झुककर नमन किया।

## सिंदूर अभियान से अमेरिका समेत कई देशों को अवगत कराया: डोभाल

# पाक तनाव बढ़ाएगा, तो मिलेगा जवाब

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ एनएसए ने अपने समकक्षों से बात करते हुए कहा कि भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता भविष्य में भी समकक्षों से करते रहेंगे बात: अजीत

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को कई देशों के अपने समकक्षों से बात करते हुए कहा कि भारत तनाव को नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन अगर पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करके तनाव बढ़ाएगा, तब करारा जवाब दिया जाएगा।

डोभाल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अन्य हिस्सों में आतंकवादी अड्डों पर किए गए 'सिंदूर अभियान' से अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, सऊदी अरब और जापान सहित समेत कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकारों को अवगत कराया है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो, ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पोवेल, सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख ताहनून, संयुक्त अरब अमीरात की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासि. चव अली अल शम्सी और जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो को सिंदूर अभियान की कार्रवाई से अवगत कराया है। उन्होंने रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर्गेई शोईगू, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इम्मानुअल बोने को भी कार्रवाई की जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा है कि डोभाल भविष्य में भी इस संबंध में अपने समकक्षों के साथ बातचीत करते रहेंगे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है, तो वह दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### भारत का पैगाम-छेड़ोगे, तो छोड़ेंगे नहीं: नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि पहलगाम पर भारत का पैगाम है कि उसे छेड़ा गया तो ऐसा करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। नड्डा ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पहलगाम पर भारत का पैग़ाम- छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की आत्मा पर हमला करने वालों को कड़ी सज़ा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत आतंकवाद को उसकी जड़ से उखाड़ फेकने में सक्षम भी है और संकल्पबद्ध भी है। मिटा देंगे आतंकवाद का नासूर। ऑपरेशन सिन्दूर।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद का मजबूत जवाब

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला एक मजबूत जवाब है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत यह सुनिश्चित करेगा कि आतंक के हर अपराधी पर कार्रवाई हो।

### कांग्रेस कार्य समिति ने एक स्वर में किया ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई, जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है। अचानक और अनौपचारिकरूप से बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली में मौजूद पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को शामिल होने का आग्रह किया गया था। खड़गे ने कहा कि देश में जो घटना घटी है और इसको लेकर सरकार जो कदम उठा रही है, उस पर आज हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई।

हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज़ सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफ़ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत तक दी है।

# अगर तुम आंख उठाओगे तो हम सिर काट लेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई का पाकिस्तान को संदेश
■ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश की आवाज बन रही हैं सोफिया

भारत-पाक के बीच जारी तनाव के बीच सोफिया कुरैशी, का नाम आज हर किसी की जुबां पर छाया हुआ है। भारतीय सेना के पाकिस्तान पर हुए एक्शन ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाली इस जाबांज लेडी कर्नल ने साबित कर दिया कि भारत की बहादुर बेटियां किसी से कम नहीं है। वो आज सिर्फ सीमाओं की रखवाली नहीं कर रहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश की आवाज बन रही हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दुनिया को जानकारी देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के भाई मोहम्मद संजय कुरैशी का बयान सामने आया है। उनका कहना है कि भारतीय सेना पर उन्हें गर्व है। उन्होंने पाकिस्तान को संदेश देते हुए कहा कि अगर वो आंख उठाएगा, तो हम भारतीय सिर काटने से भी गुरेज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ जो कार्रवाई की उस पर उन्हें फख्र है। इसके साथ ही मोहम्मद संजय कुरैशी ने कहा कि उनकी बहन ने इस ऑपरेशन में जो भूमिका निभाई है, उन्हें उस पर गर्व है। भाई ने बताया कि उनके बच्चों के लिए उनकी बुआ सोफिया एक आदर्श हैं, आज पूरा देश उनकी बहन पर नाज कर रहा है। कहा कि देश में अभी भी सभी धर्म के लोग प्यार मोहब्बत के साथ रहते हैं और आगे भी रहेंगे। सोफिया के भाई ने बताया कि उनके दादा और पिता भी सेना में सेवाएं दे चुके हैं। वहीं उनकी बहन ने भी सेना में जाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों में गंगा जमुना की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, लेकिन दहशतगर्द इस परंपरा को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं होगा। अगर आतंकियों ने फिर कोई ऐसी नापाक हरकत की तो उन्हें उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों के सिंदूर को आतंकियों ने हटा दिया था इसलिए इसका नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया, जो बिल्कुल सही है।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



**भारत**-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के मजबूत रुख की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 105.71 अंक उछलकर 80,746.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414.40 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.36 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,970.15 अंक और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,377.90 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4046 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2206 में तेजी जबकि 1683 में गिरावट रही, वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2902 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1772 में लिवाली जबकि 1049 में बिकवाली हुई वहीं 81 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सतर्क कर दिया, जिससे बाजार में अस्थिरता बनी रही। शुरुआती कारोबार के दौरान निवेशकों की भावनाएं अस्थिर रहीं। इस अस्थिरता की प्रमुख वजह भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वालू कश्मीर (पीओके) में किए गए मिसाइल हमले रहे, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है। सैन्य घटनाक्रम के चलते निवेशक सतर्क दिखे और बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर और एफएमसीजी में 0.41 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी रही। शुरुआत में सेंसेक्स 79,948.80 अंक पर खुला और 79,937.48 अंक के निचले, जबकि 80,844.63 अंक के उच्चतम स्तर पर पूरे दिन रहा।

### 'सिंदूर' के बाद महंगा हुआ सोना, कीमत एक लाख के पार

**मुंबई।** पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर द्धपीओकेत्र में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इस हमले के बाद दोनों देशों के बीच टेंशन अपने चरम पर पहुंच गई है। जिसकी वजह से देश की राजधानी दिल्ली में गोल्ड की डिमांड में इजाफा देखने को मिला है। जिसकी वजह से दिल्ली में गोल्ड के दाम एक लाख के पार पहुंच गए हैं। खास बात तो ये है कि पहलगाम की घटना के दिन दिल्ली में गोल्ड ने लाइफ टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया था। उम्मीद लगाई जा रही है कि शुक्रवार को सोने के दाम एक बार फिर से रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# खाद्य तेलों में रहा मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। वहीं अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 92 रिंगिट लुढ़ककर 3703 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.61 सेंट की तेजी के साथ 48-96 सेंट प्रति पौंड बोला गया।। सूरजमुख तेल 219 रुपए और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि पाम ऑयल 366 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



■ अन्य जिंसों के भाव में कोई परिवर्तन नहीं हुआ

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर ...

इस तरह के सीमा पार हमलों का जवाब देने और उन्हें रोकने तथा उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। विदेश सचिव ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि की पूरी जानकारी दी और कहा कि 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित पाकिस्तानी और पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी। यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के उद्देश्य से किया गया था। श्री मिस्री ने बताया कि यह हमला स्पष्ट रूप से जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति को गड़बड़ाने और अशांति फैलाने उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष घाटी में रिकॉर्ड ढाई करोड़ पर्यटक आए थे। साथ ही इसके जरिये केन्द्र शासित प्रदेश में विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाना और पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को जारी रखने के लिए उपजाऊ जमीन बनाना था। उन्होंने कहा कि यह हमला उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कुछ नहीं हुआ और इसके लिए केन्द्र सरकार और जनता को श्रेय दिया जाना चाहिए जिन्होंने इन मंसूबों को विफल कर दिया। श्री मिस्री ने कहा कि खुद को द रेसिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ कहने वाले एक समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकवादी गुट लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने मई और नवंबर 2024 में संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध समिति की निगरानी टीम को अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट में टीआरएफ के बारे में जानकारी दी थी, जिससे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों के लिए एक कवर के रूप में पाकिस्तान की भूमिका सामने आई थी। इससे पहले भी दिसम्बर 2023 में, भारत ने निगरानी टीम को लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के बारे में सूचित किया था जो टीआरएफ जैसे छोटे आतंकवादी समूहों के माध्यम से काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर-ए-तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रिपोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है। इसके अलावा खुफिया एजेन्सी ने इस टीम के योजनाकारों और उनके समर्थकों की जानकारी जुटाई है। श्री मिस्री ने कहा कि इस हमले की रूपरेखा भारत में सीमा पार आतंकवाद को अंजाम देने के पाकिस्तान के लंबे ट्रैक रिकॉर्ड से भी जुड़ी हुई हैं, जिसके लिखित और स्पष्ट दस्तावेज उपलब्ध हैं। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के लिए एक शरण स्थल के रूप में पहचान बना चुका है। इसके अलावा पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर विश्व और फाइनेन्सियल ऐक्शन टास्क फोर्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों को जानबूझकर गुमराह करने के लिए भी जाना जाता है। साजिद मीर का मामला, जिसमें इस आतंकवादी को पाकिस्तान ने मृत घोषित कर दिया था और फिर, अंतर्राष्ट्रीय दबाव के परिणाम स्वरूप, वह जीवित पाया गया, इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमलों के एक पखवाड़े के बाद भी, पाकिस्तान द्वारा अपने क्षेत्र या अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादियों के ठिकानों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कोई स्पष्ट कदम नहीं उठाया गया है। उल्टे, वो इन्कार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहा है इसलिए यह कार्रवाई जरूरी थी।

# नोएडा एयरपोर्ट पर 131 पुलिसकर्मी संभालेंगे मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ विशेष ट्रेनिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, 45 को किया गया प्रशिक्षित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की संचालन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। गौतमबुद्धनगर के जेवर में बन रहे एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की सुरक्षा चूक न हो, इसी कड़ी में, जेवर एयरपोर्ट पर तैनात होने वाले पुलिस. बल को चयनित कर उनकी विशेष ट्रेनिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस एक महीने चलने वाली ट्रेनिंग प्रक्रिया के अंतर्गत 45 पुलिस कर्मियों के पहले बैच को ट्रेंड कर दिया गया है। इस ट्रेनिंग का आयोजन ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन की अनुशंसा पर लखनऊ स्थित फॉरेन रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस द्वारा कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा जेवर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन सर्विसेस समेत तमाम कार्यों की निगरानी व प्रबंधन के लिए राज्य पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया गया था, जिसे पूरा करते हुए योगी सरकार ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्मिकों को सेवाएं देने के लिए चिह्नित किया है। इन सभी कार्मिकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रेंड करने तथा विशेष तौर पर इमीग्रेशन सर्विवेस के सफल संचालन के लिए सतर्क, सक्षम व सुदृढ़ निगरानी प्रणाली के तौर पर कार्य करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा गौतमबुद्धनगर के जेवर स्थित एनआईएल में जिन पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाना है, उन्हें विशिष्ट ट्रेनिंग प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल द्वारा एनआईएल की सुरक्षा प्रणाली मजबूत करने के लिए जिन 131 पुलिस कार्मिकों का चयन किया गया है, उनमें 10 इंस्पेक्टर, 42 सब इंस्पेक्टर तथा 62 कॉन्सटेबल शामिल हैं।

### योगी ने आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति पर जताई संतुष्टि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में आए बदलाव का स्थलीय परीक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमण पर भेजने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को आकांक्षात्मक जनपद और आकांक्षा त्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आठ आकांक्षात्मक जिलों में प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के 8 अलग-अलग अधिकारियों को 3 दिन के दौरे पर भेजा जाए, इसी तरह 108 आकांक्षात्मक जनपदों में भ्रमण के लिए विशेष सचिव स्तर के 108 अधिकारियों को भेजा जाए। यह अधिकारी इन कार्यक्रमों के प्रारम्भ से अब तक इन क्षेत्रों में आए वास्तविक बदलाव का स्थलीय निरीक्षण करें।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सुरक्षा के मद्देनजर उड़ानें रद्द कीं, स्कूलों में हुई मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में १५ दिन पहले हुए आतंकी हमले का पकिस्तान को जवाब देते हुए भारतीय सेना ने आतंकियों के नौ ठिकानों को तबाह कर दिया। आपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा के मद्देनजर स्पाइसजेट द्वारा धर्मशाला, लेह, जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर और कांडला की उड़ानें रद की गई हैं। जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट की उड़ानें रद की गई हैं। अमृतसर की दो इंटरनेशनल उड़ानों को दिल्ली डायवर्ट किया गया है। इंडिगो ने ग्वालियर और किशनगढ़ समेत कई शहरों की उड़ानों को रद किया है। एयरलाइन ने यात्रियों से वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर के जरिए उड़ानों की स्थिति जांचने को कहा है। आपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव को देखते हुए आइजीआई एयरपोर्ट से श्रीनगर, जम्मू, लेह, अमृतसर, चंडीगढ़, धर्मशाला, कांगड़ा, बीक. ानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़, भुज, जामनगर और राजकोट से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को १० मई की सुबह तक रद कर दिया गया है।

मॉकड्रिल के दौरान कापरनिकस मार्ग स्थित केरल स्कूल में मॉक ड्रिल में सायरन बजने के बाद बच्चे मेज के नीचे छिप गए। इस दौरान बच्चों को हवाई हमले के दौरान खुद को बचाने के मंत्र सिखाए गए। बाहरी दिल्ली में रोहिणी स्कूल में मॉक ड्रिल में बच्चों को नागरिक सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि अगर निकासी अलार्म बजता है, तो उन्हें लाइट और पर्दे बंद करके टेबल के नीचे छिप जाना चाहिए और बाहर नहीं भागना चाहिए। पूर्वी दिल्ली में स्कूल में प्रबंधन द्वारा मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान क्लास रूम में ब्लैक आउट किया गया। वहीं, छात्र-छात्राएं मेज के नीचे छिपे हुए नजर आए। बच्चों ने विषम परिस्थितियों में बचाव के तरीकों के बारे में जाना। दिल्ली की सभी सिविक एजेंसियों के साथ सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। यह एजेंसियां किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए सतर्क रहेंगी।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सैन्य बलों, प्रधानमंत्री को बधाई: वीरेंद्र सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भारतीय सेना, भारत सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी है और कहा है कि यह हमारे सैन्य बलों के पराक्रम की पराकाष्ठा है कि इतने बड़े ऑपरेशन सिंदूर में वायुसेना ने अपने सभी पूर्व निर्धारित आतंकी ठिकानों को तो नष्ट कर डाला पर किसी सामान्य नागरिक को क्षति पहुंचे ऐसी कोई गलती नहीं की। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि गत लगभग 2 सप्ताह से 140 करोड़ भारतीय आतंक के सरपरस्त पाकिस्तान पर जिस सैन्य कार्रवाई का बेताबी से इंतजार कर रहे थे वह भारत के जाबांजों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व में आज पूर्ण की है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत तक जा कर आज जिस तरह आतंक पर एक निर्णयक प्रहार किया है उसने २०१६ एवं २०१९ के हमलों की याद ताजा कर दी है। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता भारतीय सेना के प्रति आभार प्रकट करते हैं और सैनिकों को आश्वस्त करते हैं की पूरा देश आपके साथ खड़ा है।

# दिल्ली मुंबई एक्सेस कंट्रोल लिंक का काम सितम्बर तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए तैयार किया जा रहा दिल्ली मुंबई एक्सेस कंट्रोल लिंक का काम सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। माना जा रहा है कि इस पर सितंबर के अंत तक वाहन फर्राटा भरने लगेंगे।इस कंट्रोल लिंक की कुल लंबाई ६० किलोमीटर है। इसमें से १२ किमी का हिस्सा दिल्ली में आता है। इसमें से नौ किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड है। इसी एलिवेटेड हिस्से पर निर्माण कार्य अभी बचा हुआ है। शेष हिस्सों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। उस पर वाहन चल भी रहे हैं। दिल्ली में डीएनडी से शुरू हो रहा दिल्ली मुंबई एक्सेस कंट्रोल लिंक के निर्माण कार्य में कई चुनौतियां हैं। नौ किमी के एलिवेटेड हिस्से में चार स्थानों पर मेट्रो लाइन के ऊपर फ्लाईओवर बनना है साथ ही आगरा नहर पर भी फ्लाईओवर का निर्माण होना है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली के हिस्से में सघन आबादी और अधिक ट्रैफिक के दबाव के कारण निर्माण कार्य प्रभावित होता है।

हालांकि अधिकतर काम पूरा कर लिया गया है। चार से पांच माह में बचा हुआ काम पूरा कर लिया जाएगा। प्रोजेक्ट को सितंबर तक पूरा करने की कोशिश है। ऐसे में दिल्ली और एनसीआर के वाहन चालकों को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे तक आवाजाही सिग्नल फ्री हो जाएगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे अभी सोहना से शुरू हो रहा है। इसे दिल्ली से लिंक करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने योजना तैयार की थी।

इसमें महारानी बाग के पास से डीएनडी फ्लाईवे से सोहना तक करीब ६० किमी लंबा एक्सेस कंट्रोल लिंक तैयार करना है। इसकी अनुमानित लागत करीब पांच हजार करोड़ है। पूरा लिंक तीन खंडों में तैयार हो रहा है, जिसमें दो खंडों का काम पूरा हो चुका है। २६ किमी के फरीदाबाद से सेक्टर-६५ तक केएमपी पर वाहन चल रहे हैं।

## एक नजर

### माता-पिता के विवाद के चलते स्कूल टीसी देने से नहीं कर सकता इन्कार: हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कोई स्कूल किसी बच्चे को स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) देने से सिर्फ इसलिए इन्कार नहीं कर सकता, क्योंकि माता-पिता के बीच वैवाहिक या संरक्षकता संबंधी विवाद चल रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि स्कूल किसी बच्चे को दूसरे स्कूल में दाखिला दिलाने से इन्कार नहीं कर सकता। ट्रांसफर सर्टिफिकेट जारी करने में देरी की स्थिति में स्कूल के हेडमास्टर या इंचार्ज के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि यह कहने की जरूरत नहीं है कि वैवाहिक या अभिभावक विवाद में बच्चे का हित सबसे महत्वपूर्ण होता है।

अदालत एक नाबालिग की तरफ से अपनी मां के माध्यम से दायर याचिका पर विचार कर रही थी, जिसमें दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय और मोंटफोर्ट स्कूल को उसे स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। पिछले साल अप्रैल में अपने पिता से अलग होने के बाद बच्ची अपनी मां के साथ रह रही थी। अलग होने के बाद वे गुरुग्राम में रहने लगे और बच्ची का दाखिला दूसरे स्कूल में करा दिया गया। नाबालिग का मामला यह था कि मोंटफोर्ट स्कूल ने उसे स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने से इस कारण मना कर दिया था कि उसके पिता ने प्रमाणपत्र जारी न करने के लिए स्कूल को पत्र लिखा था।

### सत्व सुकुन का 48 करोड़ का राइट्स इश्यू पेश

**नई दिल्ली।** घरेलू साज-सज्जा और सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने ३१ मार्च, २०२५ को समाप्त चौथी तिमाही और बारह महीनों के लिए वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। ३१ मार्च २०२५ को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ ७४.५% बढ़कर ८४.२२ लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह ४८.१९ लाख था। ३१ मार्च, २०२५ को समाप्त तिमाही में परिचालन से आय ६% बढ़कर १०५.१६ लाख रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में ९९.२३ लाख रुपए थी। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टरमीत तरूणकुमार ब्रह्मभट्ट ने कहा कि ष्कंपनी की सफलता नवाचार-संचालित उत्पाद विकास, विनिर्माण क्षमताओं में निवेश और एक विस्तारित ग्राहक आधार के संयोजन से प्रेरित है, जो दीर्घकालिक टिकाऊ विकास की दिशा में अपना रास्ता मजबूत करता है।

### द इंडिया सेंटर का शुभारंभ किया

नई दिल्ली। कॉरपोरेटएज, भारत के ऑफिटेल्स के प्रमुख प्रदाता-पांच सितारा अतिथि सेवा और विशिष्ट कार्यस्थलों का एक अद्वितीय सम्मिश्रण, दिल्ली के नौरोजी नगर में नव विकसित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्यूटीसी) में अपने नवीनतम केंद्र - द इंडिया सेंटर के शुभारंभ के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को विस्तृत कर रहा है। जैसे कि भारत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, यह ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के लिए एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। डब्ल्यूटीसी सेंटर को इस प्रक्षेप पथ को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है,जो भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढांचे और लचीले कार्यक्षेत्र प्रारूपों की पेशकश करता है ताकि पेशेवरों और उद्यमों का समर्थन करने के लिए एक तेजी से विकसित होने वाले व्यावसायिक परिदृश्य को चलाया जा सके।

### विकास कार्यों के लिए फंड रिलीज करने की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली के विकास कार्यों के लिए विभिन्न सरकारी विभागों और चुने हुए जन प्रतिनिधियों विधायकों को अभी तक फंड रिलीज नहीं करने पर सरकार की निंदा की है। सीमा पुरी के विधायक वीर सिंह धिंगान ने मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली के उपराज्यपाल श्री वी के सक्सेना से अभिलंब दिल्ली सरकार के तमाम विभागों और विधायकों को फंड रिलीज करने की मांग की है। ताकि चुने हुए विधायक शीघ्र अति शीघ्र जनता से किए गए वादों को विकास कार्य कर कर पूरा कर सकें। धिंगान ने अपना बयान जारी कर कहा है कि दिल्ली के इतिहास में यह पहला अवसर है कि चुनाव के कई महीनो बाद तक दिल्ली सरकार ने विकास कार्यो के लिए फंड जारी नहीं किया है।

### भजनपुरा में मेगा कैम्प लगाया

**नई दिल्ली।** भजनपुरा वार्ड से निगम पार्षद रेखा रानी ने अपने कार्यालय पर मेगा केम्प लगाया । केम्प में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के फार्म भरे गए। निगम पार्षद रेखा रानी ने बताया कि यह योजना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा देश में लागू की गयी। देश विभिन्न राज्यों में लोग आयुष्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं। लेकिन देश राजधानी दिल्ली में अभी यह योजना लागू नहीं थी। दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता के सहयोग से आयुष्मान योजना दिल्ली में भी लायी जा चुकी है दूसरे राज्यों की तरह अब दिल्ली वाले भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना में ७० वर्ष से ज्यादा के लोग लाभार्थी होंगे और जिस लोगों के राशनकार्ड लिंक है वह पूरा परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेगा।रेखा रानी के कार्यालय पर जनहित में समय-समय पर केम्प लगाये जाते हैं।

### डुप्लीकेट गड्डी के बदले चांदी व सोने के आभूषण ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के गांधी नगर थाने की टीम ने जाली नोटों के घोटाले में कुख्यात धोखेबाज को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से सोना और चांदी बरामद की है। आरोपी ने डुप्लीकेट गड्डी दिखाकर चांदी और सोने के आभूषण ले लिए थे।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ०५ मई को ऑनलाइन ई-एफआईआर शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज की गए और इसे हेड कांस्टेबल हिमांशु को चिह्नित किया गया था। जांच के दौरान, शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया गया, जिसमें उसने बताया कि ०३ मई को दो आरोपियों ने उसे ५०० रुपये के नोट की डुप्लीकेट गड्डी दिखाई और उसके चांदी और सोने के आभूषण ले लिए। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान, टीम ने एसओसी और आस-पास के एसओसी पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और सीसीटीवी फुटेज एकत्र की गई। इसके अलावा, आरोपियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए गुप्त मुखबिर तैनात किए गए थे। इस प्रक्रिया के दौरान टीम को , गुप्त मुखबिर से एक सूचना मिली, कि आरोपी व्यक्ति फिर से एक और अपराध करने के लिए गांधी नगर पुस्ता रोड पर आयेगा।उसके बाद टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी व्यक्ति मासूम (२९) को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसने अतीत में कई ऐसे अपराध किए हैं।



नई दिल्ली में पाकिस्तान व नेपाल के सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उपराज्यपालों के साथ सुरक्षा स्थिति को लेकर बैठक करते केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

# छेनू गैंग के बदमाश को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कुख्यात इरफान/चेन्नु गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी न्यू उस्मानपुर के हत्या मामले में पैरोल जंपर है और उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया है। आरोपी इससे पहले हत्या और चोट के दो मामलों सहित चार मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत न्यू उस्मानपुर थाने में अरशद, आमिर उर्फ शहजाद उर्फ घ्घ्मुन्ना, आबिद उर्फ शावेज, राशिद उर्फ नूरजहां, फरदीन और कपीश बवाना नाम के आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसका भाई आशिफ उर्फ चिपड़ा सीएनजी पंप स्टेशन, शास्त्री पार्क के पास मौजूद था। इस दौरान आमिर उर्फ शहजाद उर्फ मुन्ना ,अरशद (३४) व अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा, अरशद ने उसके भाई को गोली मार दी और अन्य आरोपियों ने भी उसके भाई को मौत सुनिश्चित करने के लिए गोली मार दी। इसके बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए। शिकायतकर्ता के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई। जांच के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

ट्रायल के दौरान आरोपी अरशद को अपनी पत्नी के इलाज के लिए २८ जनवरी को २८ दिनों के लिए पैरोल/जमानत दी गई थी लेकिन उसने पैरोल/जमानत का उल्लंघन किया और तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण नहीं किया।

इसके बाद एसीपी यशपाल सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर उमेश सती के नेतृत्व में एसआई ब्रह्मपाल ,राहुल, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र, विकास और संदीप की टीम ने आरोपी का विवरण एकत्र किया और स्थानीय लोगों से भी आरोपी की वर्तमान स्थिति के बारे में पूछताछ की। इसी बीच ६ मई को, टीम ने सीलमपुर, से वांछित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी चेन्नू गैंग का सदस्य है।

## दिल्ली मंत्रिपरिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रस्ताव पारित किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की मंत्रिपरिषद की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए दुखद आतंकवादी हमले के मद्देनजर जिसमें २६ नागरिकों की जान चली गई। मंत्रिपरिषद पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है और राष्ट्रीय शोक की इस घड़ी में उनके साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ी है। मंत्रिपरिषद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की त्वरित और निर्णायक प्रतिक्रिया पर भी गर्व और सम्मान के साथ ध्यान देती है। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल निष्पादन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ उसके अडिग रुख को प्रदर्शित किया है। परिषद ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया: इसके तहतषदिल्ली सरकार की मंत्रिपरिषद ष्ऑपरेशन सिंदूरष् को क्रियान्वित करने में भारतीय सशस्त्र बलों को नेतृत्व और समर्थन देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार और प्रशंसा व्यक्त करती है। दिल्ली सरकार भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के अपराधियों को सफलतापूर्वक बेअसर करने के लिए हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, सटीकता और देशभक्ति की सराहना करती है। भारत आतंकवाद के सामने एकजुट है और यह ऑपरेशन हमारी ताकत, एकता और हमारे लोगों और हमारी भूमि की रक्षा करने के संकल्प का प्रमाण है।

## गुरुद्वारा साहिब पर हमले के बाद प्रधान से की बातचीत, हर संभव मदद का भरोसा दिलाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने पाकिस्तानी फौज द्वारा पुंछ के गुरुद्वारा सिंह सभा सिंडिकेट मोहल्ला पर हमला करने की कड़ी निंदा की है, जिसमें इसके रागी भाई अमरीक सिंह, भाई अमरजीत सिंह, भाई रणजीत सिंह सहित सिख समुदाय के अन्य सदस्य शहीद हुए हैं और उन्होंने कहा कि इस हमले से पाकिस्तानी फौज की कायराना हरकत स्पष्ट हो गई है।

यहां जारी एक बयान में सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि उन्होंने गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार नरिंदर सिंह से बातचीत की है और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया है। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा साहिब पूरी तरह से सुरक्षित है और जिनकी मौत हुई है, वे अपनी दुकानों और घरों में बैठे थे। उन्होंने कहा कि ये परिवार चड़्ध्दीकला में हैं और उन्हें भारत सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह गुरुद्वारा साहिब पर हुए हमले का बदला जरूर लेगी।उन्होंने कहा कि उन्हें गुरुद्वारा साहिब के रागी भाई अमरीक सिंह के निधन से गहरा दुख पहुंचा है।

## एसबीआई लाइफ ने 'हैक-एआई-थॉन' लॉन्च किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे विश्वसनीय निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने श्हैक एआई-थॉनश के पहले संस्करण की शुरुआत की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार पहल है, जो होनहार प्रतिभाओं को एआई के माध्यम से जीवन बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए प्रेरित करती है। यह पहल भारत भर के टेक्नोलॉजी छात्रों को एक अनूठा मंच प्रदान करती है, जहाँ वे बीमा से जुड़ी व्यावसायिक चुनौतियों जैसे ग्राहक अनुभव में सुधार, उत्पाद की पहुंच बढ़ाना और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे क्षेत्रों में नए और अनूठे समाधान बनाने में सहयोग कर सकते हैं।एसबीआई लाइफ के 'हैक-एआई-थॉन' के रीजनल राउंड में लोगों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें पूरे भारत से ७,५०० से अधिक टेक छात्रों ने पंजीकरण किया।

# केन्द्रीय गृह मंत्री ने सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उपराज्यपालों के साथ सुरक्षा को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में पाकिस्तान और नेपाल के सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के उपराज्यपाल और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और सिक्किम सरकार के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, सीमा सुरक्षा बल और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि २२ अप्रैल, २०२५ को कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री श्रे कहा था कि देश इस आतंकी हमले के गुनहगारों और आतंकवाद के समर्थकों को कड़ा जवाब देगा। गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, भारत की सीमा, सेना और नागरिकों की ओर आंख उठाने वालों को भारत का मुंहतोड़ जवाब है। बैठक में उपस्थित सभी मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और तीनों सेनाओं का अभिनंदन किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज किए बिना ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इसका उचित जवाब दिया है जिससे पूरी दुनिया को एक मजबूत संदेश गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा चमबपपिब पदचनजे के बाद आतंकी कैंपों के खिलाफ चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर पूरी दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की मतव जवसमतंदबम की नीति का परिचायक है। श्री शाह ने कहा कि इस समय देश ने एकजुटता का जो प्रदर्शन किया है उससे देशवासियों का हौंसला बढ़ा है। अमित शाह ने कहा कि ६-७ मई, २०२५ की रात भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने आतंकवादियों से जुड़े ९ चम. बपपिब स्थानों पर हमला कर आतंकी इन्फ्रास्ट्रक्चर को नष्ट कर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा किए गए इस हमले में लश्कर-ए-तैय्यबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन और अन्य आतंकी संगठनों के आतंकवादी प्रशिक्षण और हथियार कैंपों और ठिकानों को नष्ट कर दिया गया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मॉक ड्रिल के लिए जारी दिशानिर्देशों के तहत सभी राज्य अपनी तैयारियां करें। उन्होंने कहा कि अत्यावश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, अग्निशमन आदि के सुचारु संचालन की व्यवस्था की जाए और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गृह मंत्री ने राज्यों सैक्त्थ, सिविल डिफेंस, होमगार्ड्स, एनसीसी आदि को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रखने को कहा। उन्होंने कहा कि नागरिकों और गैरसरकारी संगठनों के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की जाए।

# नन्हे गौरविक ने बहन के आधे मैच डोनेशन से थेलेसीमिया को दी मात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** धरमशिला नारायणा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने थेलेसीमिया के इलाज में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महज दो साल के गौरविक को दो साल पहले हैप्लोआइडेंटिकल बोन मैरो ट्रांसप्लांट से इलाज दिया गया था, और अब वह बिना किसी ब्लड ट्रांसफ्यूजन के सामान्य बचपन का जीवन जी रहा है। गौरविक को छह माह की उम्र में बीटा थेलेसीमिया मेजर होने का पता चला था। जांच में जब यह सामने आया कि गौरविक की बहन अनन्या केवल आंशिक रूप से मैच कर रही है, तो परिवार ने धरमशिला नारायणा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम से संपर्क किया। डॉ. सुपर्णो चक्रवर्ती और डॉ. सरिता जायसवाल के नेतृत्व में हैप्लो आइडेंटिकल ट्रांसप्लांट का सफल प्रयोग किया



गया। डॉ. सुपर्णो चक्रवर्ती, प्रमुख, हीमैटोलॉजी और बीएमटी ने कहा, हैप्लोआइडेंटिकल बीएमटी थेलेसीमिया के इलाज में एक अहम प्रगति है। हमने २०१४ में इस मिशन की शुरुआत की थी और हमारा उद्देश्य था कि डोनर की अनुपलब्धता के बावजूद हर बच्चे को उपचार का अवसर मिले। गौरविक की सफलता इस दिशा में हमारी वर्षों की मेहनत और संकल्प का प्रमाण है।

## छह अस्पतालों में लग रही 150 डायलिसिस मशीनें मरीजों को मिलेगी सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के छह अस्पतालों में १५० नई डायलिसिस मशीनें लगाई जा रही हैं। दस अस्पतालों में १५० मशीनें पहले से उपलब्ध हैं। नई मशीनें लगने से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम (पीएमएनडीपी) व दिल्ली सरकार के सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत १६ अस्पतालों में कुल ३०० मशीनें उपलब्ध हो जाएगी। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर किडनी के मरीजों को मुफ्त और अन्य जरूरतमंद मरीजों को सस्ती दर पर डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि डायलिसिस किडनी मरीजों के लिए जीवन रक्षक सुविध है। अब दिल्ली में कोई भी मरीज पैसे की कमी के कारण डायलिसिस की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा।

दिल्ली सरकार के १० प्रमुख अस्पतालों में १५० डायलिसिस मशीनें पहले से ही कार्यरत है। जिससे सैकड़ों मरीजों को नियमित रूप से डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। पीएमएनडीपी के तहत जिन अस्पतालों में डायलिसिस मशीनें लगी हैं उनमें बीपीएल कार्डधारी जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है उनके लिए निशुल्क डायलिसिस का प्राविधान है। वहीं जिन अस्पतालों में पीपीपी माडल के तहत मशीनें लगाई गई है उन अस्पतालों में दिल्ली के रहने वाले ऐसे मरीज जिनकी आय तीन लाख तक है।

# विजय पार्क में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजकीय उच्चतम माध्यमिक बाल विद्यालय विजय पार्क में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन सोशल एम्पायर एनजीओ के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर पूर्वी दिल्ली से डिप्टी कमिश्नर पुलिस संदीप लांबा ने कहा कि शिक्षा जीवन में अनमोल है शिक्षा से अपनी व देश की तरक्की है।

शिक्षा वह हथियार है जिससे बड़ी से बड़ी जंग जीती जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दे। उन्होंने अपने हाथों से मेधावी छात्र, छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य सतीश कुमार अफसर अली एवं सरफराज सैफी,भूषण कुमार शर्मा ,कौशल प्रसाद सिंह , ताहिर अली ,ज्ञानेंद्र सिंह मावी ,सत्येंद्र कुमार गौतम ,मैडम सारिका त्रिवेदी ,इरशाद हुसैन,सत्येंद्र कुमार गौतम ,अमित कटारिया ,मनीलाल कटारिया

,मैडम अमरीन, राहुल कनौजिया ,अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा १ से १२ तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये विद्यार्थियों को अपराध के प्रति सचेत रहने तथा समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया कुछ बड़ा करने की भावना जागृत करने का संदेश दिया। सोशल एम्पायर एनजीओ के अध्यक्ष अफसर अली ने कहा कि सभी अपने बच्चों पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे अगर उनका बेटा स्कूल से लेट आता है तो उससे लेट होने का कारण जरूर पूछें, क्योंकि कहीं उनका बेटा किसी गलत संगत में नहीं पड़ गया है। बच्चों को अच्छे संस्कार दें।

## सूरज की लुका-छिपी जारी, बूंदाबांदी के आसार

**नई दिल्ली।** राजधानी में बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश के साथ सतही हवाएं १५-२५ किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः ३६ और २४ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। ऐसे में मौसम सुहा. वना रहेगा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इस खुशनुमा मौसम का यह दौर अभी अगले सप्ताह के अंत तक बना रहेगा। मौसम विभाग ने आठ मई के लिए तेज हवाओं के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही नौ मई तक हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। सुबह से बादल व सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। दिन के समय धूप निकली। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से ३.३ डिग्री सेल्सियस कम के साथ ३६ डिग्री दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में तापमान ३४ डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत सरकार के निर्देशानुसार

# विभिन्न स्कूलों में किया गया मॉक ड्रिल का आयोजन






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत सरकार के निर्देशानुसार ऑपरेशन ष्अभ्यासष के अंतर्गत सिविल डिफेंस द्वारा हवाई हमले के दौरान सायरन द्वारा ध्वनि संकेत के माध्यम से स्कूल के विद्यार्थियों को अपने और परिवार के लोगों का कैसे बचाव किया जा सकता है इस के लिए प्रशिक्षित करने हेतु दस विभिन्न स्कूलों में एक मॉक ड्रिल का आयोजन जिला प्रशासन और सिविल डिफेंस के द्वारा कराया गया।

नगर पालिका इंटर कॉलेज नवयुग मार्केट पर काल्पनिक हवाई हमले से बचाव की मॉक ड्रिल के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा आई ए एस ने अपनी उपस्थिति में मॉक ड्रिल का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गंभीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश मोहन, अयान जैन आई ए एस ट्रेनी, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, प्रभारी मुख्यालय/सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी, स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर अंतिम चौधरी, डिविजनल वार्डन राजेंद्र शर्मा, अनिल अग्रवाल सहित भारी संख्या में सिविल डिफेंस के वार्डन ने प्रतिभाग किया तथा स्कूल के पूरे स्टाफ और टीचर्स का भरपूर सहयोग किया गया। इसी के साथ शहर के शंभु दयाल इंटर कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज, सेठ मुकुंद लाल इंटर कालेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज, जे के जी इंटर कालेज,स्वामी विवेक. ानंद सरस्वती विद्यामंदिर, खेतान पब्लिक स्कूल, नगर पालिका इंटर कालेज साहिबाबाद और पद्मश्री एन एन मोहन पब्लिक स्कूल पर भी यह मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

मान्यता प्राप्त पत्रकार कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल ने

# सांसद अतुल गर्ग से की मुलाकात पत्रकारों की समस्याओं से कराया अवगत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मान्यता प्राप्त पत्रकार कल्याण समिति दिल्ली के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद अतुल गर्ग से औपचारिक मुलाकात की और पत्रकारों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। समिति के संयोजक रवींद्र गुप्ता ने सांसद को पत्रकारों की जमीनी समस्याओं से अवगत कराते हुए प्रमुख रूप से दो मांगें रखीं जिनमें-पत्रकारों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा और अन्य राज्यों की तर्ज पर पत्रकारों को पेंशन योजना में शामिल किया जाना। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है और उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन देने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। सांसद अतुल गर्ग ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि आप लोगों की मांग को दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के समक्ष रखने के साथ-साथ पार्टी के माध्यम से भी सरकार तक पहुँचाकर, सभी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में समिति संयोजक रविन्द्र गुप्ता, रजनीकांत तिवारी, अशोक ओझा, आलोक गौड़, प्रियरंजन, अमित कुमार, अशोक कौशिक, अर्जुन जैन, अजय शर्मा, देवेंद्र तोमर, कमल गुप्ता, अनुष्का बघेल, पदम् सिंह बघेल, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, नन्द किशोर गुप्ता आदि वरिष्ठ पत्रकार एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह मुलाकात पत्रकार हितों की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है।

# दिविज प्रकाश की घातक गेंदबाजी से जीता गोल्डन हाकस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट मे गोल्डन हाकस ने 8 विकेट से टी एन एम एकेडमी को हरा कर पहला लीग मैच जीत लिया।

टास जीत कर गोल्डन हाकस के कप्तान मोनू शुक्ला ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया, जिसे तेज गेंदबाज दिविज प्रकाश ने 5 विकेट लेकर सही साबित कर दिया, तेज रफ्तार गेंदबा. जी ने टीएनएम एकेडमी की टीम 152 रन पर ढेर कर दिया केवल आशु ने 70 रन (4×7; 6×4) बना कर टीम को संभालने का प्रयास किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए गोल्डन हाकस के ओपनिग बल्लेबाज धनंजय सिंह ने ताबडतोड अविजित 74 रन ( 4×11; 6×3 ) व अंकित कुमार 43 रन (4×6; 6×3) ने बना कर 11 ओवर मे ही टीम को जीता दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिविज प्रकाश को पूर्व क्रिकेटर सुनित जैन व नितिन बहुगुणा ने दिया।

7 संक्षिप्त स्कोर 7 टीएनएम एकेडमी ७ 152 रन सभी आउट, 26ख 4 ओवर में अंचित यादव 37 रन (4×6; 6×1) आशु 70 रन (4×7; 6×4) दिविज प्रकाश ने 5 विकेट व कुणाल शर्मा तथा रौनक ने 2-2 विकेट लिए।

गोल्डन हाकस ७ 157/ 2 ; 11 ओवर में धनंजय सिंह 74 रन (4×11; 6×3) अविजित, अंकित कुमार 43 रन(4×4; 6×3)। अमन वर्मा व तुसय नमन ने 1-1 विकेट लिया। आगामी मैच दिनांक 09-05-2025 को वीवीआईपी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिकेट व हरियाणा क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला जाएगा।

# तहसील लोनी में पूर्व ऑथ कमिश्नर द्वारा ऑथ की मोहर का किया जा रहा है दुरुपयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लोनी। तहसील लोनी में ऑथ कमिश्नर का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद अधिवक्ता द्वारा अवैध रूप से मोहर का दुरुपयोग किया जा रहा है आपको बता दे कि एडवोकेट ललतेश के द्वारा बार काउंसिल ऑफ उ.प्र के चौयरमेन को पत्र देकर सूचना दी गई कि पूर्व ऑथ कमिश्नर द्वारा कार्यकाल समाप्त हो जाने के बावजूद मोहर का दुरुपयोग कर शपथ पत्र प्रमाणित किये जा रहे हैं। जबकि अधिवक्ता ललतेश को लोनी तहसील के लिए वर्ष 2025 के लिये एकमात्र ऑथ कमिश्नर नियुक्त किया गया था। इस विषय मे पत्र के माध्यम से जिला न्यायाधीश को भी सूचना दी गई थी। जिसमे न्यायालय द्वारा आदेश कर कहा गया कि आप पूर्व ऑथ कमिश्नर के विरूद्ध विधिक कार्यवाही के लिए स्वतंत्र है।



# लोकदल कार्यकर्ताओं ने चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर कराया हवन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह जी की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने हवन कर चौधरी साहब को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के बाद राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर पार्टी कार्यालय पर सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली। कार्यक्रम का संचालन अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। इस मौके पर मौके पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी चौधरी, तेजपाल सिंह, एडवोकेट अय्यूब अली, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, अजय पाल प्रमुख, एडवोकेट अजय वीर सिंह, सत्येंद्र तोमर, हिमांशु नागर, राम भरोसे लाल मोरिया, ओ.डी त्यागी, अमित त्यागी, सुमन चौधरी, राखी संधू , रेखा चौधरी, रवि वाल्मीकि, मनोज राठी, प्रेम सिंह यादव, तुषार बंसल, करण एडवोकेट, नरेंद्र गौतम, विनोद गौतम, रामकुमार पवार, सतपाल चौधरी, दीपक चौधरी, दीपू शर्मा, रजत धीमान, उम्मीद भांबरीक, तेजवीर, आजाद, शमशेर, प्रदीप मुखिया, पूनम गर्ग, फहीम, वेद प्रकाश प्रजापति, विनोद कुमार, उपेंद्र चौधरी अवनीश त्यागी, सुरेंद्र पाल , मोहम्मद कैफ, सुंदर तेवतिया , डॉ राजेंद्र चंदेला, किशन सिंह राघव, हरिदत कसना, आकाश शर्मा, अजीत मालिक, अक्षित त्यागी, कुणाल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# सुंदरदीप में प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में BCA एवं B.Tech (CSE/IT) के छात्रों के लिए प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल युग में स्टार्टअप्स के संचालन और प्रबंधन में आ रहे बदलावों से अवगत कराना था।

वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा, 'इस प्रकार के अकादमिक व्याख्यान छात्रों के ज्ञान को व्यावसायिक दृष्टिकोण से जोड़ने में सहायक होते हैं। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषय छात्रों को उद्योग-उन्मुख बनाते हैं।' चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल एवं प्रो-चेयरमैन नितिन अग्रवाल के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक प्रो. (डॉ.) हरीश कुमार तलुजा ने कहा, ष्डिजिटल युग में तकनीकी नवाचार और व्यावसायिक समझ का समन्वय छात्रों को एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करता है। प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने भी छात्रों को निरंतर सीखने और अनुसंधान की संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पल्लवी श्रीवास्तव रहीं, जो डिजिटल रणनीति और संचालन सुधार की विशेषज्ञ हैं।

उन्होंने 'संचालन में दक्षता: आधुनिक स्टार्टअप्स के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की रणनीतियाँ विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में स्टार्टअप्स को टिके रहने और तेजी से बढ़ने के लिए टेक्नोलॉजी को अपनाना अत्यावश्यक हो गया है। उन्होंने छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग, ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स और ग्राहक केंद्रित डिजिटल समाधानों के बारे में व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। इस आयोजन की सफलता में जिन प्रमुख शिक्षाविदों और समन्वयकों का उल्लेखनीय योगदान रहा, वे हैं, वंदना शर्मा, विभागाध्यक्ष. योगिता कौशिक, विभागाध्यक्ष, गौरव शर्मा तथा सत्यवीर सिंह, विभागाध्यक्ष।

इन सभी ने आयोजन की योजना बनाने से लेकर समन्वय, तकनीकी मूल्यांकन और समापन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, और छात्रों ने वक्ता से प्रश्न पूछ कर व्यावहारिक दृष्टिकोण को और बेहतर समझा।

# आचार्य 108 सौरभ सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी के ज्ञान कल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर 'जैनाचार्य गुरुदेव श्री सौरभ सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश श्री दिगम्बर जैन मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र, जीवन आशा हॉस्पिटल ग्राम डिडोली, गंग नहर, मुरादनगर, गाजियाबाद उ.प्र. मैं होगा यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाजसेवी स्वदेश जैन ने बताया कि भव्य मंगल प्रवेश का कार्यक्रम प्रात: 6:00 बजे, बुधवार, 07 मई 2025 को होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि जीवन आशा हॉस्पिटल एवं पुनर्वास केंद्र के छठवें स्थापना दिवस मंगलवार, 20 मई 2025 को कैंसर उपचार हेतु जीवन आशा कीमो थेरेपी सैंटर का लोकार्पण भी किया जायेगा।

## एक नजर

# स्व. चौधरी अजीत सिंह जी की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** केंद्रीय कार्यालय पर किसानों के मसीहा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी की चौथी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। केंद्रीय कार्यालय पर पूरे देश से राष्ट्रीय लोकदल के समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा चौधरी साहब को पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि अर्पित करने वालो में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान व्यापारी नेता संजीव अरोड़ा जिला सचिव दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे

# पीआरपी और एडवांस्ड बायोलॉजिक्स-जॉइंट पेन व टेंडिनोपैथीज के इलाज का भविष्य?

डॉ. नवनीत गुप्ता ने बतौर चेयरपर्सन किया संबोधित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गत 3 व 4 मई को दिल्ली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेकंड आर्थेबियोलॉजिक्स कोर्स में मोदीनगर के डॉक्टर नवनीत गुप्ता ने एक सेशन में चेयरपर्सन के तौर पर प्रतिभाग किया और पीआरपी को लेकर अपना अनुभव साझा किया। इस आर्थेबियोलॉजिक्स कोर्स में भारत के अलग अलग शहरों से आए पेन फीजिशियन और हड्डी के डॉक्टर्स ने भाग लिया। पैनल में हुए डिस्कशन में उन्होंने बताया कि कैसे घुटने और कंधे की बीमारियों में अगर शुरुआती दौर में पीआरपी मिप्सी (मिनिमली इनवेसिव पेन व स्पाइन इंटरवेंशन) को इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाए तो यह इलाज बीमारी को आगे बढ़ने से रोक सकता है और मरीज को दर्द से राहत भी दिला सकता है। आगे उन्होंने बताया की कैसे अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे गाइडेड पीआरपी मिप्सी की मदद से घुटने, जबड़े, कूल्हे और कंधे की ऑस्टियोआर्थराइटिस, टेनिस एल्बो (कोहनी का दर्द), प्लांटर फैशियाइटिस (एड़ी का दर्द) व कंधे में मास फटना (सूपरास्पीनेटस टीयर व टेंडिनोपैथीज) के मरीजों को जल्द दर्द से बिना ऑपरेशन के राहत पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि मेट्रो सिटीज में एडवांस्ड बायोलॉजिक्स जैसे कि (बोन मैरो एस्पिरेट, मिसेनकाईमल स्टेम सेल्स, माइक्रोफ्रैगमेंटेड फैट थेरेपी व स्ट्रोमल वैस्कुलर फ्रेक्शन) का इस्तेमाल भी जॉइंट पेन से संबंधित बीमारियों के इलाज में बहुत कारगर ढंग से किया जा रहा है। डॉक्टर नवनीत गुप्ता ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अब तक इस तरह की दिक्कतों से पीढ़ित दर्जनों मरीजों को पीआरपी तकनीक द्वारा दर्द से राहत दिलाकर उनका सफल उपचार किया है।उन्होंने बताया की मोदीनगर के उषा सुपरस्पेशलिटी स्पाइन एंड ज्वाइंट पेन सेंटर में अब देश की सर्वोत्तम कूल्ड पीआरपी मशीन उपलब्ध है जिसका फायदा कंधे, जबड़े, एड़ी, कोहनी व घुटने के दर्द से पीढ़ित मरीज उठा सकते हैं। अब यहां के मरीजों को इस इलाज के लिए बड़े शहरों की तरफ जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

मोदीनगर स्थित उषा स्पाइन एंड ज्वाइंट पेन सेंटर के डॉक्टर नवनीत ने यह भी बताया अब पेन मेडिसिन अलग सुपरस्पेशलिटी के तौर पर तेजी से विकसित हो रही है। और मरीज किसी भी तरह के दर्द के इलाज के लिए अपने पेन फिजिशियन को कंसल्ट कर सकते हैं। डॉक्टर नवनीत ने आर्थेबियोलॉजिक्स कोर्स के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया। डॉ नवनीत गुप्ता के बतौर चेयरपर्सन संबोधित करने पर क्षेत्र के डॉक्टरों ने उन्हें बधाई दी व इसे मोदीनगर के लिए गर्व की बात कहा।

कराटे वेलफेयर सोसाइटी ने निभाया राष्ट्र धर्म

# छात्रों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आज जहां युद्ध के खतरे को लेकर देश भर में नागरिकों को मार्कड्रिल के माध्यम से आपातकाल में खुद की सुरक्षा करना सिखाया जा रहा है। उस समय में कराटे वेलफेयर सोसाइटी देश और सेना के साथ मजबूती से खड़ी है देश के जवान बॉडर्र पर अपना कार्य कर रहे है वहीं देश के अंदर कराटे वेलफेयर सोसाइटी जैसी संस्थाओं ने अपना कार्य भी शुरू कर दिया है।

संस्था के अध्यक्ष विजय कौशिक एवं संरक्षक बी एल बत्रा ने बताया कि संस्था ने आज अपने कोचों के साथ शहर के कई स्कूलों में छात्रों को आत्मरक्षा के दावपेच तो सिखाए ही साथ ही युद्ध होने की स्थिति में कैसे खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते है कि जानकारी दी। इस कड़ी में लाल कुआ स्थित ईश्वर चंद इंटर कॉलेज एवं अमनदीप इंटरनेशनल कॉलेज में सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ईश्वर चंद्र इंटर कॉलेज के मैनेजर पवन त्यागी जी एवं अमनदीप इंटरनेशनल कॉलेज के डायरेक्टर संदीप त्यागी जी ने संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग किया और सभी छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहित किया।

ट्रैनिंग देने वालों में संस्था के महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक राजीव मुंडेलवाल, ज्वाइंट सेक्टरी तुषार ठाकुर एवं प्रगति सिंह सिसोदिया मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर महिलाओं के लिए आत्मरक्षा शिविर लगाते रहे हैं। जिनके तत्वाधान में अब तक हजारों लड़कियों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के दावपेच सिखाए जा चुके हैं।

गोशालाओं में भूसा दान को लेकर बीडीओ ने की मीटिंग

# भूसे की व्यवस्था को अधिकारियों को दिए गए लक्ष्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** ब्लॉक भोजपुर के अंतर्गत संचालित गोशालाओं में पशुओं के लिए भूसे की व्यवस्था करने के लिए बीडीओ (खंड विकास अधिकारी) ने ग्राम सचिवों व अन्य ब्लॉक अधिकारियों संग मीटिंग की व सभी विभागों के लक्ष्य निश्चित किये गए। बीडीओ पीयूष राय ने बताया कि भोजपुर ब्लॉक के अंतर्गत कुल 6 गोशालाएं है जिनके लिए भूसे की नि:शुल्क व्यवस्था करने हेतु लक्ष्य निश्चित कर सौंपे गए हैं।

उन्होंने बताया कि ग्राम सैदपुर हुसैनपुरा डिलना स्थित गौशाला के लिये 11 ग्राम पंचायतों को कुल 736 कुंतल,ग्राम पट्टी स्थित गौशाला के लिए 7 ग्राम पंचायतों को कुल 692 कुंतल,ग्राम तलहेटा की गौशाला के लिए 11 ग्राम पंचायतों को कुल 959 कुंतल,ग्राम मुकीमपुर की गौशाला के लिए 7 ग्राम पंचायतों को कुल 197 कुंतल,ग्राम खंजरपुर की गौशाला के लिए 6 ग्राम पंचायतों को कुल 246 कुंतल व ग्राम कलछीना स्थित गौशाला के लिए 8 ग्राम पंचायतों को कुल 289 कुंतल भूसा दान की व्यवस्था का लक्ष्य दिया गया है जोकि कुल 6 गौशालाओं के लिए कुल 3119 कुंतल होता है।

उन्होंने यह भी बताया कि भूसे की व्यवस्था दान लेकर, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग व ग्राम पंचायत द्वारा अपने अपने लक्ष्य अनुसार की जायेगी। मीटिंग में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अंजू से बदलकर अंजू रावत रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम अंजू रावत के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**अंजू रावत पत्नी विरेन्द्र सिंह निवासी जे- 15 एफ. एफ-3 सेक्टर- 12 प्रताप विहार गाजियाबाद।**

**संबंध विच्छेद**

मैं अब्दुल कलाम पुत्र अहसान निवासी- दौलत नगर ग्राम- पावी सादकपुर लोनी गाजियाबाद अपने पुत्रों यूसुफ खान व इंजमामुल हक को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। उपरोक्त भविष्य में अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम विरेंद्र सिंह रावत से बदलकर वीरेंद्र सिंह रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम वीरेंद्र सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**विरेंद्र सिंह पुत्र श्री मदन सिंह रावत निवासी जे- 15 एफ. एफ-3 सेक्टर- 12 प्रताप विहार गाजियाबा**

**संबंध विच्छेद**

हम रविंदर पुत्र गजे सिंह व सुदेश पत्नी रविंदर निवासी- विकास कुंज, सोनिया विहार थाना- लोनी बॉर्डर जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र राहुल को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

# वायु प्रदूषण से निपटने के लिए क्लाउड सीडिंग ट्रायल्स को कैबिनेट ने दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की कैबिनेट बैठक मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया। सरकार ने दिल्ली-एनसीआर के लिए क्लाउड-सीडिंग का तकनीकी परीक्षण और मूल्यांकनश प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना का उद्देश्य राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण और कम बारिश से प्रभावी ढंग से निपटना है।

पर्यावरण मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि शहर क्लाउड-सीडिंग ट्रायल की लागत लगभग ५५ लाख होगी। पांच ट्रायल्स के लिए कुल अनुमानित खर्च २.७५ करोड़ है। इसके अलावा, एक बार की व्यवस्था जैसे एयरक्राफ्ट की कैलिब्रेशन, कैमिकल स्टोरेज और लॉजिस्टिक के लिए ६६६ लाख का खर्च तय किया गया है। इस तरह प्रोजेक्ट की कुल लागत ६३.२१ करोड़ होगी। इस प्रोजेक्ट को आईआईटी कानपुर के दिशा निर्देश में संचालित किया जाएगा, जो पूरे प्रोजेक्ट की योजना, एयरक्राफ्ट की तैनाती, कैमिकल के छिड़काव, वैज्ञानिक मॉडलिंग और ट्रायल्स की निगरानी करेगा। दिल्ली सरकार इस ट्रायल के लिए आईआईटी कानपुर को फंड जारी करेगी।

पहली ट्रायल मई के अंत या जून २०२५ में हो सकती है, जो लगभग १०० वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में, मुख्यत: दिल्ली के बाहरी इलाकों में की जाएगी। इस चरण में कुल पाँच ट्रायल्स प्रस्तावित हैं। ट्रायल के बाद वैज्ञानिक रूप से इसका मूल्यांकन किया जाएगा कि क्लाउड-सीडिंग वायु गुणवत्ता और वर्षा पर कितना प्रभाव डालती है।

मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि प्रोजेक्ट के संचालन से पहले सरकार को १३ अहम विभागों और एजेंसियों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने होंगे। इनमें डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और अन्य विभाग शामिल हैं। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, "यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता वाली कैबिनेट में पास हो चुका है। हम जल्द से जल्द ट्रायल शुरू करना चाहते हैं ताकि प्रदूषण के गंभीर समय में क्लाउड-सीडिंग एक विकल्प बन सके। यह योजना हमारे अन्य प्रयासों जैसे एआई-आधारित मॉनिटरिंग और २४०७ निगरानी को भी सश करेगी।"

उन्होंने आगे कहा, "टेक्नोलॉजी को प्रदूषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में सबसे आगे होना चाहिए। रेखा गुप्ता की सरकार, दिल्ली के लोगों को स्वच्छ हवा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और यह परियोजना इस दिशा में एक दूरदर्शी, वैज्ञानिक और साहसिक पहल है।" क्लाउड-सीडिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें सिल्वर आयोडाइड जैसे तत्वों को बादलों में डाला जाता है ताकि बारिश की संभावना बढ़ाई जा सके। दिल्ली जैसे शहरों में इसे प्रदूषण कम करने और बारिश की कमी दूर करने के लिए एक संभावित उपाय के रूप में देखा जा रहा है।

# एएनटीएफ टीम ने नाइजीरियाई ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस के एएनटीएफ टीम ने एक नाइजीरियाई ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके पास से कुल १०३.८ ग्राम एमडीएमए ड्रग्स (एमडीएमए का क्रिस्टल रूप) बरामद की है जिसकी कीमत ४५ लाख रुपये है।आरोपी पहले बॉम्बे में रहता था, और साल पहले दिल्ली आया था और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में एमडीएमए क्रिस्टल की सप्लाई करता था। दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दिल्ली को नशा मुक्त बनाने के लिए दक्षिण-पश्चिम जिले में अवैध प्रवासियों, ड्रग पेडलर्स और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ एक विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा था।इसके तहत एसीपी ऑपरेशंस विजय कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह,के नेतृत्व में एसआई, एएसआई वेद प्रकाश, हेड कांस्टेबल दीपक,सुंदर, संदीप और कांस्टेबल मो. हित की टीम ने गुप्त मुखबिरों को सक्रिय किया और क्षेत्र में सक्रिय ड्रग्स पेडलर्स के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया।

इसी बीच हेड कांस्टेबल दीपक और कांस्टेबल मोहित ने गुप्त सूचना पर ड्रग तस्करी में शामिल एक नाइजी. रियाई नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसके पास से कुल १०३.८ ग्राम एमडीएमए ड्रग्स (एमडीएमए का क्रिस्टल रूप) बरामद की है जिसकी कीमत ४५ लाख रुपये है। उसने दिल्ली और एनसीआर में एमडीएमए ड्रग बेचने की बात स्वीकार की। इसके बाद एनडीपीएस अधिनियम के तहत सागरपुर थाने में मामला दर्ज कर आरा. पी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी २०१९-२०२० के आसपास, शहर भर में विभिन्न स्थानों पर रहने लगा।

इस अवधि के दौरान, उसने ड्रग्स की तस्करी शुरू कर दी, अन्य नाइजी. रियाई नागरिकों से खेप प्राप्त की और उन्हें अत्यधिक कीमतों पर बेचा।

# विधान सभा अध्यक्ष ने रोहिणी में आयुष्मान कार्ड वितरण अभियान की शुरुआत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जनता को, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष एवं रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने आज रोहिणी क्षेत्र में आयोजित आयुष्मान भारत शिविर का दौरा किया और लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। यह शिविर रोहिणी के सेक्टर ९ और १३ में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आयुष्मान कार्ड के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और उपयोग के बारे में जागरूक करना था। शिविर में विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी गई ताकि उन्हें समय पर और सुलभ इलाज मिल सके।इस मौके पर गुप्ता ने घोषणा की कि अब रोहिणी विधान सभा क्षेत्र में ऐसे आयुष्मान शिविर रोजाना लगाए जाएंगे, जिससे निरंतर और बिना किसी सीमा के आयुष्मान कार्ड जारी किए जा सकें। गुप्ता ने यह भी बताया कि अब रोहिणी के बुजुर्ग नागरिक आयुष्मान भारत के आधिकारिक ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। कार्ड जारी होने के तुरंत बाद यह सक्रिय हो जाता है, जिससे ७० वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक निजी अस्पतालों में भी इलाज करा सकते हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, ने भाग लिया और मौके पर ही आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन कर कार्ड प्राप्त किए।यह पहल समावेशी स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक सार्थक कदम है और क्षेत्र में बुजुर्ग आबादी की भलाई के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



दिल्ली कैबिनेट की बैठक में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए क्लाउड-सीडिंग ट्रायल्स को मंजूरी देतीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

# आठवीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए स्कूल में शामिल होगा नया कोर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार १५ अगस्त को दो नए शिक्षा कार्यक्रम, न्यू एरा ऑफ एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम एंड विजन (नींव) और साइंस ऑफ लिविंग- लॉन्च कर सकती है। ये दोनों कार्यक्रम आम आदमी पार्टी के प्रमुख बिजनेस ब्लास्टर्स और हैप्पीनेस करिकुलम की जगह लेंगे। दोनों कार्यक्रम का लॉन्च के बाद क्रियान्वयन भी उसी महीने से शुरू होगा।

शिक्षा निदेशालय के एक अधिकारी ने कहा कि रोलआउट का समर्थन करने के लिए, स्कूलों में नई पहल कैसे शुरू की जाएगी, यह समझने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। छात्रों के लिए नए अभ्यास सहित वर्कबुक और वर्कशीट विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नींव के तहत, छात्र समूहों को उनकी उद्यमशीलता परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए २० हजार रुपये का फंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना आठवीं से १२वीं तक के छात्रों के लिए बनाई गई है और इसका उद्देश्य अनुभवात्मक शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए वित्तीय और डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि साइंस ऑफ लिविंग में हैप्पीनेस करिकुलम, योग सत्र और गांव के दौरे जैसे पहले के कार्यक्रमों के तत्वों को शामिल किया गया है। अधिकारी ने कहा कि यह पहल छात्रों को नैतिक मूल्यों, बुजुर्गों की देखभाल और योग, माइंडफुलनेस और स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज सहित ध्यान तकनीकों को सिखाने पर केंद्रित होगी।



विधान सभा अध्यक्ष ने रोहिणी में आयुष्मान कार्ड वितरण अभियान की शुरुआत की

# नाबालिग से दरिंदगी चाचा ने किया दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपित ने उसे बहला-फुसलाकर कई बार दुष्कर्म किया और धमकी देकर चुप रहने को मजबूर किया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता १७ वर्षीय नाबालिग है, जो अपने माता-पिता के साथ उत्तम नगर में रहती है। वह ११वीं कक्षा में फेल होने के बाद स्कूल छोड़कर घर पर ही रह रही थी। पीड़िता ने बताया कि उनके पड़ोस में युवक परिवार के साथ रहता है। उसे वह चाचा कहकर बुलाती थी। वह उसके घर पर आता जाता था। मामला तब सामने आया जब पीड़िता का पेट बाहर निकलने लगा। जब उसकी मां ने देखा तो वह उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने पुष्टि की कि वह गर्भवती है।

इसके बाद स्वजन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। उत्तम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़िता का बयान दर्ज किया और आरोपित को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उधर, उत्तम नगर थाना इलाके की एक और नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है।

# 10 महीने से लापता नाबालिग लड़की का शव रोहतक में मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के शकूरपुर इलाके में करीब १० महीने पहले अपने घर से गायब १७ वर्षीय लड़की की प्रसव के दौरान रोहतक (हरियाणा) में मौत हो गई। लड़की की मौत के बाद रो. हतक पुलिस के माध्यम से दिल्ली पुलिस को सूचना मिली। इसके बाद गत दो मई को इस मामले में मृतका के लिव इन पार्टनर को अपहरण और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपित को पुलिस ने हरिद्वार से पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लड़की पिछले साल सात जुलाई को घर से चली गई थी। काफी कोशिशों के बाद भी उसका पता नहीं लगा पाया, इसके बाद स्वजन ने सुभाष प्लेस थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया।

इस मामले में नया मोड उस समय आया, जब रोहतक पुलिस को इस साल २३ अप्रैल को एक अज्ञात नाबालिग लड़की की स्थानीय अस्पताल में मौत की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान की प्रक्रिया शुरू की। बाद में पता चला कि दिल्ली के सुभाष प्लेस थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि एक व्यक्ति ने लड़की को रोहतक में एक अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसने समय से पहले एक बच्चे को जन्म दिया, जिसकी कुछ ही देर बाद मौत हो गई। कुछ दिनों बाद, लड़की की भी मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों ने दोनों शवों को उस व्यक्ति को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि शिशु का अंतिम संस्कार किया, लेकिन पैसे की कमी के कारण लड़की का अंतिम संस्कार नहीं कर सका।

# आतंक के हर ठिकाने को मिलेगा जवाब: कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने आज देश की सेना द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना करते हुए कहा, "पूरे देश को पता था कि कश्मीर के पहलगाम की घटना के बाद मोदी आतंकियों और उनके आकाओं को नहीं छोड़ेंगे. इस ऑपरेशन के बाद एक चुटकी सिन्दूर की कीमत आतंकवादियों को बहुत अच्छे से समझ में आ गयी होगी। जिन आतंकियों ने नाम और धर्म पूछ-पूछकर मासूमों को मारा था, अब उनका कोई नाम लेने वाला भी जीवित नहीं बचा है।

कपिल मिश्रा ने यह भी कहा कि पूरी दुनिया आज भारत के सैन्य पराक्रम को देख रही है. पहलगाम अटैक में उन आतंकवादियों ने कहा था कि जाकर मोदी को बता देना और आज मोदी ने बता दिया है कि ये नया भारत है, अगर उंगली उठाओगे तो हाथ तोड़ दिया जायेगा" इंटरनेशनल बॉर्डर क्रॉस करके भारत की वीर सेना ने आतंकवादियों के अड्डें को नष्ट किया है। वहीँ पड़ोसी देश द्वारा जवाबी कार्रवाई किए जाने के सवाल पर मिश्रा ने कहा, "भारत के नागरिक के तौर पर मुझे लगता है कि महाकाल ने अपने हाथों से नियति को लिखा है, आतंकियों के पूरे नेटवर्क को प्रधानमन्त्री के हाथों से ही ध्वस्त होना है. एक जमाना था जब २६/११ जैसा आतंकी हमले होते थे तो भारत डोजियर भेजा करता था, आतंकवादियों की लिस्ट भेजा करता था, मिन्नतें करता था की इनके आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को नष्ट किया जाए, बढ़ावा न दिया जाए, लेकिन ये प्रधानमंत्री का भारत है, ये मिन्नतें नहीं करता, ये डोजियर नहीं भेजता, ये लिस्ट बनाकर नहीं भेजता, ये मिसाइल भेजता है, ये सेना भेजता है और आतंकियों और उनके आकाओं को उनके घर में घुसकार मारता है। भारत की सैन्य कार्रवाई पर कुछ राजनीतिक नेताओं के द्वारा उठाये गये सवाल पर उन्होंने कहा, "कि कुछ नेता जो इस कारवाई पर सवाल उठा रहे हैं ये उनका विधवा विलाप है।

# एनडीएमसी मुख्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया: कुलजीत सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालि. का परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, अमित शाह और श्ऑपरेशन सिंदूरश में शामिल सभी लोगों को उसकी सफलता के लिए बधाई दी ।



आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयार रहने के उद्देश्य से, आज पालिका केंद्र और एनडीसी भवन में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य एनडीएमसी की आपातकालीन तैयारी का आकलन करना था। आज इस मॉक ड्रिल के दौरान, एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, परिषद विभागाध्यक्ष (एचओडी) और अग्निशमन एवं सुरक्षा विभागों के कर्मचारी अभ्यास की देखरेख के लिए उपस्थित थे।

चहल ने जानकारी दी कि मॉक ड्रिल की शुरुआत एक विशेष जिग-जैग पैटर्न वाली हवाई हमले की सायरन ध्वनि के साथ हुई, जिससे सभी लोगों को पालिका केंद्र को खाली करने और भवन के बेसमेंट ठ-२ में पहुंचने का संकेत दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों और विभाग प्रमुखों (भ्व्वे) को कन्वेंशन सेंटर के पहले तल पर इकट्ठा होने के निर्देश दिए गए।

प्रारंभिक चेतावनी के बाद, एक लगातार बजने वाली सायरन ध्वनि सुनाई दी, जिससे फायर और रेस्क्यू टीमों को तुरंत कार्रवाई करने का संकेत दिया गया। इस दौरान, अन्य सभी लोगों को शांत और संयमित रहते हुए निर्धारित स्थान पर बने रहने के लिए कहा गया। चहल ने कहा कि ड्रिल के समापन पर श्ऑल क्लियरश की घोषणा की गई, जिससे सुरक्षित रूप से सामान्य कार्यों में लौटने का संकेत दिया गया।

SHRIRAM Finance
SHRIRAM City MONEY WHEN YOU NEED IT MOST

श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय:** श्री टावर्स, प्लॉट नंबर 14ए, साउथ फेज़ इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई 600 032
**शाखा कार्यालय:** यूजीएफ-12 से 21, अंबा डीप बिल्डिंग, 14 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001
वेबसाइट: www.shriramfinance.in

सांकेतिक कब्जा सूचना

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार ''श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड'' को ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् ''श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड'' का नाम बदलकर ''श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड'' कर दिया गया, जो दिनांक 30.11.2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसेट्स एव इफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के अधीन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसका विवरण नीचे तालिका में किया गया है जिसके तहत उक्त मांग सूचना पत्र में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

ऋणियों द्वारा धनराशि न चुकाए जाने पर, एतदद्वारा ऋणियों एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए **05-05-2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति का कोई भी लेन-देन श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

**उधारकर्ता का नाम और पता**

**1) मेसर्स गिबेलिन्स सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ----- उधारकर्ता**
**श्रीमती मीनाक्षी सिंह द्वारा प्रतिनिधि,**
**मकान. नं. 729, प्रथम तल, अमन प्लाजा, शक्ति खंड-4, इंदिरापुरम, गाजियाबाद - उत्तर प्रदेश - 201014.**
**2) श्रीमती मीनाक्षी सिंह.......(सह-उधारकर्ता/गारंटर)**
**मकान नं. 171, भूतल, सेक्टर-6, वैशाली- वशुदरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201012.**
**3) श्री सचिन दयाल माथुर, (सह-उधारकर्ता/गारंटर)**
**पुत्र शंकर दयाल माथुर,**
**मकान नं. 12/490, तीसरी मंजिल, फ्रेंड्स सोसायटी, सेक्टर-12, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201012.**
**4) श्रीमती उजाला माथुर (सह-उधारकर्ता/गारंटर)**
**मकान नं. 12/490, तीसरी मंजिल, फ्रेंड्स सोसायटी, सेक्टर-12, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201012**

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रू. 1,77,80,557/- (रु. एक करोड़ सतहत्तर लाख अस्सी हज़ार पाँच सौ सत्तावन मात्र) ऋण खाता नंबर के संबंध में RSSDLLP2206210001 दिनांक 10 फरवरी 2025 तक। डिमांड नोटिस की दिनांक: 10.02.2025.

**सम्पत्ति का विवरण**

**यूनिट/दुकान ''द्वितीय तल'' पर छत के अधिकार के साथ सुपर एरिया 1101.25 वर्ग फीट (यानी 102.31 वर्ग मीटर), उक्त परियोजना में ''अमन प्लाजा'' के नाम से जाना जाता है, वाणिज्यिक प्लॉट नंबर-एसके-4/729/1, शक्ति खंड-IV, इंदिरापुरम, गाजियाबाद तहसील और जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-**
**उक्त सीमाएं:- पूर्व: 9 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिम: प्लॉट नंबर 728 और 729, उत्तर: 9 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण: 24 मीटर चौड़ी सड़क**

सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

**स्थान:- गाजियाबाद** **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक:- 05.05.2025** **श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।**

# वाहन चुराने के आरोप में ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के मालवीय नगर थाने के स्टाफ ने दिल्ली से मांग पर वाहन चुराने के आरोप में कुख्यात ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तीन महंगी चोरी की कारें बरामद की है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तीन मामलों को सुलझा लिया है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायु अंकित चौहान ने बताया कि ३ मई को मालवीय नगर थाने में शिकायतकर्ता के घर के बाहर से रात्रि के समय कार चोरी होने की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी हौज खास की देखरेख में एसएचओ मालवीय नगर के नेतृत्व में एसआई परवीन, हेड कांस्टेबल नरेंद्र, नीरज, गौरव त्यागी, कांस्टेबल दीपक तथा आदेश की टीम ने अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच कर संदिग्ध वाहन की पहचान की गई और उसकी गतिविधि का पता लगाया गया। इसी बीच टीम, एक संदिग्ध को शॉर्टलिस्ट कर उसकी गतिविधियों के पैटर्न का विश्लेषण कर आरोपी सनी को गिरफ्तार कर लिया गया।लगातार पूछताछ करने पर,आरोपी ने चोरी की बात कबूल की।पुलिस पूछताछ में आरोपी सनी ने बताया कि वह और उसके साथी दक्षिण दिल्ली से कारें चुराते थे और मांग के अनुसार उन्हें बैंगलोर, जयपुर, राजस्थान और पंजाब ले जाते थे।

# सेना का साहस, हर देशवासी का विश्वास: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई दी है। पहलगाम हमले के जवाब में मंगलवार की आधी रात भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफल कर अपनी वीरता का परिचय दिया और पाकिस्तान में चल रहे कई आतंकी ठिकाने को तबाह कर दिया। इस कामयाबी पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, ''आप'' दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज व दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत अन्य नेताओं ने भारतीय सेना और वीर जवानों को बधाई देते हुए उनके पराक्रम को नमन किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि हमें भारतीय सेना और अपने वीर जवानों पर गर्व है। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में १४० करोड़ भारतवासी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। भारतीय सेना का साहस, हर देशवासी का विश्वास है। हम सब साथ हैं। आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं।आप" के वरिष्ठ नेता व पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर एक्स पर कहा कि भारतीय सेना और हमारे वीर जवानों ने एक बार फिर हमें गर्व से भर दिया है। ये सिर्फ आतंकवादी हमले का जवाब नहीं है, बल्कि हर एक भारतीय के सम्मान की रक्षा भी है। हमारी सेना के साहस और वीरता को सलाम है। आज गर्व के साथ पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। जय हिंद, जय भारत। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर एक्स पर कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश एकजुट है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07240004B | इंटर कार गैंगवे मॉउंटिंग | 973 सेट | 27.05.25 |
| 2 | 14250907A | नेचुरल & आर्टिफिशल फाइबर थर्मोसेट कम्पोजिट | 1638 नग | 30.05.25 |
| 3 | 19251414 | डबल पोल बुशिंग | 21 नग | 02.06.25 |
| 4 | 10250054 | गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मैडल | 2985 नग | 05.06.25 |
| 5 | 07253449 | प्राइमरी स्प्रिंग (इनर) फॉर एल एच बी कोचेस | 1087 नग | 09.06.25 |
| 6 | 08240033 | मेगनेटिक टेलीफोन | 2769 नग | 16.06.25 |
| 7 | 19251981 | सेट ऑफ कम्यूटेटर स्विच | 08 सेट | 15.09.25 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 13/2025-2026 दिनांक: 07.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1360/25

# एनकाउंटर: चार इनामी बदमाश हुए पुलिस की गोली के शिकार

**मवाना में शराब दुकान के सेल्समैन से की थी लूट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मंगलवार देर रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 25-25 हजार रुपयों के चार इनामी हिस्ट्रीशीटरों सहित उनके एक अन्य साथी को पुलिस ने अरेस्ट किया है। जिसमें चार बदमाशों के पैर में गोली लगी है। घायलों को रात ही सीएचसी मवाना में इलाज के लिए भेजा गया।

इन बदमाशों ने सरकारी शराब की दुकान के सेल्समैन से लूट की थी। सभी आरोपी अन्तर्राज्यीय गिरोह से ताल्लुक रखते हैं। लूट, हत्या जैसी वारदात पहले भी कर चुके हैं। इनके कब्जे से 4 तमंचे, कारतूस, खोखा और कार बरामद हुई है।

### तीन हिस्ट्रीशीटर सभी पर 25-25 हजार का इनाम

एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मवाना मिल रोड पर शराब की दुकान पर सेल्समैन अशोक कुमार के साथ मारपीट कर लूट की घटना हुई थी। इसे हिस्ट्रीशीटर, लुटेरों ने अंजाम दिया था।

इस मामले में अंकित, रजनीश, विनीत और शिवम उर्फ गोलू पर मुकदमा लिखा गया था। इसमें रजनीश मवाना थाना, विनीत किठौर, शिवम फलावदा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वहीं अंकित पहले भी मारपीट के अपराध में जेल जा चुका है। रजनीश, विनीत और शिवम तीनों सिविल लाइन थाने पर 25-25 हजार के इनामी हैं। रजनीश पर 8, अंकित पर 7, शिवम पर 13 और विनीत पर 14 मुकदमे दर्ज हैं। रजनीश, विनीत और शिवम तीनों 25-25 हजार रुपयों के इनामी है।

### शराब दुकान पर की थी लूट

पांच मई को अशोक कुमार ने तहरीर दी थी कि वो मवाना में मिल रोड पर सरकारी शराब की दुकान में सेल्समैन है। 4 मई की रात 10 बजे अशोक अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। तभी सफेद कार पर सवार कुछ युवक दुकान पर आए। जबरन दुकान खोलकर शराब देने को कहने लगे। जब मना किया तो इन्होंने अशोक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट कर जबरन दुकान खुलवाकर दो बोतल शराब, एक पेटी बीयर जबरन लेकर गए और पैसे भी नहीं दिए। अशोक की शिकायत पर अंकित, रजनीश, विनीत और शिवम पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से इनकी तलाश कर रही थी।

### चेकिंग के दौरान कर दिया फायर

मंगलवार रात सीओ मवाना और इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव के साथ थाना पुलिस चैकिंग कर रहे थे। तभी तिगरी कट मुबारिकपुर मोड के पास कार से पांच लोग पुलिस की नजरों से बचकर भागते दिखे। पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका तो ये रुके नहीं। बल्कि पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में शिवम के बांये, विनीत के दाहिने पैर में गोली लगी। जिससे वो घायल हो गए। बाकी तीन लोग जंगल की ओर भाग गए।

### फायरिंग कर भागने लगे बदमाश

पुलिस ने तुरंत कांबिग शुरू कर दी। जिसमें भागे हुए बदमाशों में से रजनीश के दाहिने पैर में गोली लगी। अंकित भी गोली लगने से घायल हो गया। भाग रहे बदमाश तरुण को भी पुलिस ने पकड़ लिया। घायल बदमाश रजनीश, अंकित से 2-2 तमंचे मिले हैं। सभी को सीएचसी मवाना में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# जानी की पीएचसी को सीएचसी बनाने के लिए डिप्टी सीएम से मिले मंत्री यशवीर

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने दिया आश्वासन जल्द जानी को मिलेगी सीएचसी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ यूपी सीएलडीएफ के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से उनके लखनऊ में राजभवन कालोनी स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंटकर कर जनपद मेरठ के जानी खुर्द में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण कर उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सी.एच.सी.के रूप में स्थापित कर अति आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में पत्र दिया।

यूपी सीएलडीएफ चेयरमैन व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी ने उपमुख्यमंत्री पाठक से वार्ता के दौरान कहा कि जानी खुर्द में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएचसी के रूप उच्चीकरण से इस विकास खंड के बड़ी आबादी वाले लगभग 40 गांवों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार आम जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है इसी के तहत प्रदेश उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री पाठक ने पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही विकास खण्ड जानी खुर्द में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण कर उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित कर अति आवश्यक सम्पूर्ण बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन को उपलब्ध कराई जायेगी।

# जबरन शराब पिलाने का विरोध करने पर मारपीट, दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के पिलौना में आयोजित बच्चे की छठी में पीड़ित की पत्नी व उसकी दो पुत्री के सामने दबंगों ने हाथ पकड़ कर जबरदस्ती शराब पिलाई। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर दबंगों ने युवक के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। घटना के संबंध में पीड़ित सुधीर कुमार पुत्र राज सिंह निवासी पिलोना ने थाने में पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दो दिन पूर्व गांव के पड़ोस में स्थित एक बच्चे की छठी समारोह कार्यक्रम में वह अपनी पत्नी व दो पुत्रियों को साथ लेकर शामिल होने गया था। वहां बैठे हुए कई लोग शराब पी रहे थे।

उन्होंने पीड़ित युवक को जबरदस्ती शराब पिलानी चाही। पीड़ित द्वारा शराब पीने से मना करने पर दबंगों ने पीड़ित का हाथ पकड़ कर जबरदस्ती उसको शराब पिलाने लगे। पीड़ित आरोपियों के चुंगल से छूटकर भागने लगा तो उसके साथ दबंगों ने नीचे गिरा कर लात घूसों से जमकर मारपीट कर दी। जिससे पीड़ित के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आई। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने पीड़ित घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया पीड़ित सुधीर द्वारा समय पाल, संजीव कुमार सक्सेना, मांगेराम निवासी गांव पहाड़पुर को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी गई थी लेकिन पुलिस की ओर से अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित थाने के चक्कर काट रहा है।

# 11 को होने वाली पीडीए पंचायत को लेकर सपा जिलाध्यक्ष ने ली पार्टी कार्यालय पर मीटिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को जिला समा. जवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड मेरठ पर समाजवादी पार्टी की मासिक मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने की संचालन जिला कोषाध्यक्ष कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह ने किया। अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि 11 तारीख को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पीडीए पंचायत में भाग लेने आएंगे सभी

**देश की हिन्दू-मुस्लिम एकता को मजबूत बनाएगा पीडीए: विपिन**

कार्यकर्ता इस पंचायत में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले व सभी कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचकर पंचायत को सफल बनाएं।

जिला कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार सभी पार्टी के कार्यकर्ता नेता व विधानसभा अध्यक्ष अपनी-अपनी बूथ कमेटी व बीएलए जिला कार्यालय को उपलब्ध कराए जिसे जल्द से जल्द रिपोर्ट बनाकर लखनऊ कार्यालय को भेज दी जाए बैठक में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुखिया गुर्जर, डॉ. आदित्य गुर्जर, पिछड़ा वर्ग के महानगर अध्यक्ष अहतेशाम इलाही, जिला महासचिव योगेंद्र, दीपक सिरोही, मुद्गला यादव, शशिकांत गौतम, नेहा गोड, संगीता राहुल, आस मोहम्मद, निर्मित यादव, कृष्णपाल यादव, सुभाष यादव, नजमा अब्बासी आदि मौजूद रहे।

# युवक ने नहर में लगाई छलांग ग्रामीणों ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार की सुबह जानी गंग नहर पर एक व्यक्ति ने अचानक गंग नहर में छलांग लगा दी तभी वहां पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे देख गंगनहर में कूद गए और सकुशल उसको बचा लिया तभी वहां पर काफी भीड़ जमा हो गई बुधवार की सुबह बागपत के गांव सराय एक युवक नहर में कूद गया जैसे ही वह नहर में खुद तभी वहां पर मौजूद गुलजार, फजर अली और सलमान अपनी जान दावं पर लगाकर नहर में कूद गए और उस व्यक्ति को बचा लिया गया, तभी वहां पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने डुबें व्यक्ति को सकुशल परिवार वालों के हवाले कर दिया। वहीं गुलजार, फजर अली व सलमान की बहादुरी को देखते हुए उनकी सराहना की। लोगों का कहना है कि आए दिन गंग. नहर में इस तरह की घटना होती रहती है। डूबने वाले की किस्मत अच्छी होती है तो उसे बचा लिया जाता है अन्यथा लोग डूब जाते हैं।

# सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल में रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई, किया नमन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल शाहपुर बटावली में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी शिक्षकों एव बच्चो ने श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के दौरान स्कूल के संचालक सोनू यादव ने रवींद्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहां कि रविन्द्र नाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार, और दार्शनिक थे। रवींद्रनाथ टैगोर एशिया के प्रथम व्यक्ति थे जिन्हे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा राष्ट्रगान जन गण मन रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा गया था। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों के साथ-साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस व पहलगाम के शहीदों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस तथा पहलगाम के शहीदों की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सेंट चार्ल्स इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सभी धर्म के धर्मगुरु एवं प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। सनातन धर्म के प्रतिनिधि के रूप में शिक्षक दीपक शर्मा ने वेटिकन सिटी के प्रमुख फांसिस को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति सर्वधर्म की संस्कृति है सभी धर्म को बराबर मानती है तथा सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया पर विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि सनातन सूत्र के रूप में हिंदू भवंतु सुखिन: हिंदू संतु निरामया ना होना इस बात का प्रमाण है कि हिंदू धर्म सहिष्णु है तथा सभी धर्म का सम्मान करता है। इसी प्रकार सभी धर्म में अच्छी बातें बताई गई हैं, शांति के मार्ग पर चलना बताया गया है लेकिन कुछ लोगों की कुत्सित विचारधारा के कारण पूरा विश्व अशांति की चपेट में है जिसे दूर करने के लिए समाज के लोगों को बिना डरे अपनी बात रखनी होगी। आतंकवादियों की बिना किंतु परंतु के निंदा करनी होगी। मुस्लिम समाज की ओर से बोलते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष असद गालिब ने कहा कि पोप फ्रांसिस एक महान शख्सियत थे उन्होंने विश्व को अनेक शिक्षाएं दीं। इस समय पर उनका चले जाना दुखद है। सिख धर्म की ओर से ज्ञानी मदन सिंह ने गुरुओं का संदेश सुनाया तथा कहा एक नूर ते सब जग उपजिया को ले को मंदे। उन्होंने सिख धर्म की ओर से श्रद्धांजलि प्रस्तुत की। जैन धर्म की ओर से पंडित दीपक दिवाकर ने जैन धर्म की शिक्षाओं की दृष्टि से अपने विचार प्रस्तुत किया। मेरठ धर्म प्रांत के बिशप ने विस्तार पूर्वक को फांसिस की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला तथा बताया कि उनकी सभी धर्म के प्रति समान निष्ठा थी। सिस्टर मीना नायडू ने पोप फ्रांसिस के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

ई. पी चार्ल्स के संचालन में हुए कार्यक्रम के दौरान फादर पीटर प्रकाश फादर एंटोनी, सूर्य देव त्यागी सतीश जैन, शाहवेज अंसारी, प्रतीश कुमार, ब्रदर चाको सिस्टर लीजा संजय चार्ल्स, पुरोहित आदि सैकड़ों ईसाई धर्मावलंबी उपस्थित थे।

# मखदुमपुर में पूर्व प्रधान के साथ हुई लूट की सूचना निकली फर्जी, भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** सोमवार की रात्रि में मखदुमपुर गांव के पूर्व प्रधान के साथ हुई लूट की घटना फर्जी निकली। पूर्व प्रधान द्वारा लूट की फर्जी सूचना दी गई थी। पुलिस ने मामले का राजफाश करते हुए पूर्व प्रधान व दो अन्य व्यक्तियों को न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि सोमवार की सांय में मखदुमपुर गांव के पूर्व प्रधान राज. कुमार द्वारा सूचना दी गई कि वह मवाना से अपनी बोलेरो गाड़ी में सवार होकर अपने गांव मखदुमपुर आ रहा था। जैसे ही वह किशोरपुर पुल के समीप पहुंचा तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनके साथ मोबाइल व पचास हजार रूपये की लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच की। जांच में दो व्यक्ति पुष्पेंद्र व मोहित गांव दरियापुर थाना ककरौली मुजफ्फरनगर प्रकाश में आए। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो बताया कि सोमवार की सांय वह मखदुमपुर गांव में एक शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी पूर्व प्रधान किशोरपुर पुल पर मिला। तीनों से पास में ही तपस्वी मंदिर के समीप शराब पी। इसी दौरान दोनों व्यक्ति पूर्व प्रधान का मोबाइल भूलवश उठाकर ले गए। इसके लिए उन्होंने पूर्व प्रधान को फोन कर मंगलवार की प्रात मोबाइल वापस करने की सूचना भी की। परंतु इससे पूर्व प्रधान द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया जा चुका था। पुलिस ने उक्त दोनों युवक व पूर्व प्रधान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो लूट की घटना का मामला फर्जी निकला। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व प्रधान को झूठी सूचना देने के आरोप व उक्त दोनों युवकों शांतिभंग की धाराओं में न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया।

# डीमोंटफोर्ट एकेडमी में टिटनेस-डिप्थीरिया टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी में 10 वर्ष एवं 16 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष टिटनेस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेरठ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें छात्रों को टिटनेस-डिप्थीरिया का टीका लगाया गया। टीकाकरण प्रक्रिया एएनएम गीता और आशा कार्यकर्ता मितलेश द्वारा पूरी की गई। जबकि पूरे कार्यक्रम की निगरानी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक आदित्य गौतम ने की। इस महत्वपूर्ण पहल ने छात्रों के स्वास्थ्य सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा उप प्रधानाचार्या नीना पांडे और डॉ. केके शर्मा ने भी सहभागिता की और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। डॉ. केके शर्मा ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य सुधार प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल छात्रों को बीमारियों से बचाते हैं। बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी बनाते हैं। उन्होंने इस अभियान की स्थिरता और प्रभावशीलता पर जोर देते हुए इसे भविष्य में जारी रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। विद्यालय प्रशासन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने कहा डीमोंटफोर्ट एकेडमी भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। ताकि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# जमीन नाम न करने पर पति को बंधक बनाकर भाइयों से कराई पिटाई



मारपीट की जानकारी देता पीड़ित।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खाता निवासी युवक की करीब चार वर्ष पूर्व हुई शादी के बाद से ही पत्नी अपने नाम कृषि भूमि न होने से नाराज पत्नी ने भाइयों के साथ मिलकर पति को कमरे में बंधक बनाकर मारपीट करते हुए जमीन नाम कराने के लिए जबरदस्ती खाली पेपर पर हस्ताक्षर कराने के लिए दबाव बनाया, लेकिन शोर शराबा होने पर पीड़ित युवक के परिजन और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

ग्रामीणों को देखकर महिला नगदी व जेवर लेकर अपने भाइयों के साथ मौके से फरार हो गई। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित युवक के बयान लिए घटना के संबंध में पीड़ित मोहित पुत्र अतर सिंह निवासी खाता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व रीना पुत्री महिपाल निवासी गांव जड़वड़ कटिया थाना ककरोली जिला मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी पत्नी रीना पीड़ित के हिस्से की जमीन अपने नाम कराने के लिए लगातार दबाव बनाती आ रही थी। पीड़ित द्वारा मना करने पर पत्नी रीना ने चार दिन पहले अपने भाइयों को पीड़ित के घर बुलाकर कमरे में बंधक बनाते हुए पीड़ित के साथ मारपीट कर दी और सफेद कागज पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराने लगे। शोर शराबा होने पर पीड़ित पति के माता-पिता आरोपियों से बीच बचाव करा रहे थे उनके साथ भी मारपीट कर दी। जिससे मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्हें देखकर सभी आरोपी पीड़ित के घर में रखी सेफ अलमारी से नगदी, सोने चांदी के जेवर घरेलू सामान लेकर चले गए, और जाते-जाते अपहरण कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना के संबंध में पीड़ित ने नीटू, मोनू, अंकित पुत्रगण महिपाल, अजय पाल आदेश को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी।

# एसडीओ व जेई ने बिना बताए काट दिए किसान के पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर के जंगल में विद्युत विभाग द्वारा लाइन खींचने को लेकर एक किसान के खेत में खड़े लाखों रुपए के पेड़ विभाग ने बिना बताए काट दिए। पीड़ित किसान ने एसडीओ व दो जेई के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। ग्राम रामनगर निवासी किसान ओमकार ने बताया कि अगवानपुर फीडर से ट्रांसमिशन की बड़ी लाइन अगवानपुर से ढिकोली जा रही है जो उनके खेत के ऊपर से गुजर रही है वहीं खेत में गन्ना की फसल खड़ी है तथा खेत में लिप्टिस के साठ पेड़ लाइन के नीचे आ रहे थे। बिना किसी अनुम. ति के तीन मई को एसडीओ मवाना रविकांत त्यागी, जेई दिलीप तिवारी, जेई गोलू ने लिप्टिस के तेरह पेड़ जबरन कटवा दिए जिससे गन्ने की फसल व पेड़ो सहित लाखों का नुकसान हो गया है। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ मारपीट

## लावड़ चौकी पर तैनात एसआई अमित कुमार हुए घायल, मचा हड़कंप






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को कस्बे में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर एक युवक ने परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर मारपीट कर दी जिसमें लावड़ चौकी पर तैनात एसआई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी नितिन कुमार पांडेय व लावड़ चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और पुलिस पर हमला करने वालों को हिरासत मे ले लिया ओर थाने ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार लावड़ कस्बे के मोहल्ला खारी कुआं निवासी दो सगे भाइयों सुशील व अनिल पुत्रगण सतपाल का किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया जिसके बाद अनिल बदहवास होकर लावड़ चौकी पहुंचा और पुलिस से मदद की गुहार लगाई तभी एसआई अमित कुमार व एसआई सुमित गुप्ता अनिल के साथ चले गए। तभी अनिल के छोटे भाई सुशील ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर सुशील ने अपने परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर पुलिस के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिसमें एसआई अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी नितिन पांडेय व लावड़ चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और सुशील व दो अन्य महिलाओं को हिरासत में ले लिया। वहीं चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह ने बताया कि दो भाइयों में विवाद हो रहा था जिसकी सूचना पर पुलिस वहां पहुंची थी तभी परिवार के लोगों ने पुलिस के साथ मारपीट की जिसमें एक एसआई गंभीर रूप से घायल है। मौके से सुशील को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मंदिर के बॉर्डर पर शरारती तत्वों ने पोती स्याही

**हस्तिनापुर।** कर्ण मंदिर के महंत स्वामी शंकर देव ने बताया कि उन्होंने मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग पर एक बोर्ड लगा हुआ था जिस पर श्री कर्ण मंदिर कर्ण घाट लिखा हुआ था। महंत ने बताया कि जिस समय पेंटर बोर्ड पर लिख रहा था उसी समय कोई अज्ञात व्यक्ति आया और उसने कर्ण घाट लिखने पर ऐतराज जताया। फिर भी पेंटर ने बोर्ड पर कर्ण घाट लिख दिया था परंतु अज्ञात व्यक्ति ने रात्रि में कर्ण घाट पर स्याही पोत दी। थाना प्रभारी राम प्रकाश शर्मा का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

**सूचना**

हमने अपने पुत्र आफाक हुसैन व उसकी पत्नी श्रीमाती फरहना उर्फ जेबी जो हमारे कहने सुनने में नहीं हैं उनके गलत आचरण के कारण हमने उन दोनों से अपने सारे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य के लिए हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। -अलमदार हुसैन पुत्र स्व. अज्जाद हुसैन व शाहीन फातमा पत्नी अलमदार हुसैन निवासी एल-739, पीर वाली गली, लोहियानगर, थाना लोहियानगर, मेरठ।

# नोएडा में जारी हुआ हाई अलर्ट, परखी गई सुरक्षा की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस कमिश्नरेट को हाई अलर्ट पर रखते हुए बुधवार को नोएडा में कई अहम स्थानों पर मॉक अभ्यास किया गया। गौड़ सिटी मॉल में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजते ही मॉल की बिजली बंद कर दी गई। मॉल में मौजूद लोगों को तुरंत सतर्क कर बाहर निकाला गया। इस दौरान बम निरोधक दस्ते और नोएडा की पुलिस टीम पूरी तरह सक्रिय रही। मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची और इवैक्यूएशन प्लान के तहत रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

सिर्फ मॉल ही नहीं, नोएडा के अनेक स्कूलों में भी इस अभियान के तहत विशेष ड्रिल्स कराई गईं। नोएडा शहर के सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में फायर सेफ्टी टीम ने बच्चों को आग लगने की स्थिति में





सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि आपदा के समय कैसे खुद को और दूसरों को सुरक्षित निक. ाला जाए। नोएडा पुलिस कमिश्नरी में तैनात डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि ऐसे अभ्यास लोगों को सजग बनाने के लिए जरूरी हैं। हम चाहते हैं कि हर नागरिक किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम हो। गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन का कहना है कि इस तरह की मॉक ड्रिल्स से आम नागरिकों को न केवल सतर्क किया जा रहा है, बल्कि सुरक्षाबलों की तत्परता की भी परीक्षा ली जा रही है। आने वाले दिनों में अन्य प्रमुख स्थानों पर भी इस तरह के अभ्यास जारी रहेंगे।

**डीएम ने जारी किया खास निर्देश:** इस दौरान नोएडा के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने खास निर्देश जारी किए हैं। मनीष कुमार वर्मा ने एक निर्देश पत्र जारी करके नोएडा जिला प्रशासन के अधिकारियों को ब्लैक ऑउट के खास निर्देश दिए हैं। नोएडा के जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्देश पत्र में कहा गया है कि जनपद में स्थित समस्त पंजीकृत अपार्टमेन्ट ऑनर्स एसोसिएशन व रेजीडेन्सियल वैलफेयर एसोसिएशनस के सम्मानित पदाधिकारियों को एततद्वारा सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा 7 मई को घोषित ब्लैक आउट के सम्बन्ध में जनपद गौतमबुद्धनगर में शासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही ब्लैक आउट किया जाना है। शासन द्वारा चिन्हित स्थानों के अतिरिक्त जनपद के अन्य स्थानों पर ब्लैक आउट किये जाने पर दुर्घटना व अप्रिय स्थिति की संभावना हो सकती है। अतः सभी सम्मानित पदाधिकारियों से अपील की जाती है कि शासन द्वारा दिये गये गाईडलाइन्स के अनुरूप चिन्हित स्थानों पर ही ब्लैक आउट के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें जिससे किसी भी प्रकार की संभावित अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# एनटीपीसी दादरी में वायु हमले की मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** एनटीपीसी दादरी में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास सीआईएसएफ यूनिट द्वारा जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश पुलिस, अग्निशमन विभाग और संयंत्र की विभिन्न टीमों के साथ मिलकर किया गया।

ड्रिल में एक काल्पनिक वायु हमले की स्थिति में प्लांट के ऑयल टैंक में आग लगने का दृश्य रचा गया। सीआईएसएफ के जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 कर्मचारियों को बचाकर एनटीपीसी अस्पताल पहुंचाया। संयंत्र में सायरन और फायर अलार्म बजाए गए। कर्मचारियों को शांतिपूर्वक बाहर निकाला गया।अभ्यास को यथार्थपरक बनाने के लिए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वाड तैनात किए गए। सीआईएसएफ के 4 और यूपी अग्निशमन विभाग का 1 फायर टेंडर मौजूद रहा। एनटीपीसी अस्पताल की 3 एंबुलेंस भी तैयार रखी गईं।

डीएम मनीष कुमार वर्मा, डीसीपी साद मियां, एडीसीपी सुधीर कुमार, एसडीएम अनुज नेहरा और एडीएम मंगलेश दुबे समेत सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। इस ड्रिल का लक्ष्य भौतिक सुरक्षा के साथ-साथ आपातकालीन स्थितियों में मानसिक तैयारी को मजबूत करना था। जिलाधिकारी ने कहा कि हम एक राष्ट्र, एक टीम हैं। यह अभ्यास साबित करता है कि एनटीपीसी दादरी और सभी सहयोगी इकाइयां किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम हैं।

# भारत ने पाक में घुसकर लिया पहलगाम हमले का बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पहलगाम में 15 दिन पहले हुए आतंकी हमले का भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से बदला लिया। सेना ने मंगलवार आधी रात के बाद एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकाने तबाह कर कर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के लिए लोग भारतीय सेना की प्रशंसा कर रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी होने पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित करीब 200 सोसाइटियों में जश्न का माहौल है। सोसाइटी के निवासियों का कहना है कि भारत अब नया भारत है। देश को आंख दिखाने वालों को कड़ा जवाब देना जानता है। देश का हर नागरिक सरकार के साथ खड़ा है। यदि युद्ध की परिस्थितियों हुई तो देश का हर नागरिक बॉर्डर पर खड़ा दिखाई देगा। गौड़ सौंदर्यम में रहने वाली निवासी रति गुप्ता ने बताया कि सुहागिन महिलाओं की पहचान उनका सिंदूर ही होता है। पाकिस्तानी आतंकवादियों ने महिलाओं के सिंदूर पर हमला किया था। सरकार और सेना कि ओर से कड़ा जवाब दे दिया गया है। वहीं गौड़ सिटी फर्स्ट एवेन्यू में रहने वाले मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मॉक ड्रिल होने की वजह से आज तिरंगा यात्रा नहीं निकाली जाएगी। गुरुवार को सोसाइटी के आसपास तिरंगा यात्रा निकालकर जश्न मनाया जाएगा। कई निवासियों ने बताया कि मोदी सरकार ने उन्हें सबसे अच्छा उपहार दिया है। आतंकवादियों ने कहा था कि मोदी को बता देना जाकर। अब मोदी ने बता दिया है कि भारत को चुनौती देना कितना कठिन है। सरकार ने जवाब दे दिया है।

# चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रेकी करने के बाद दोपहिया वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिल और दो चाकू बरामद हुए हैं। एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि वाहन चोरी की शिकायतें मिलने के बाद गिरोह पर शिकंजा कसने के लिए थाना प्रभारी की अगुवाई में एक टीम बनाई गई। टीम जब सोम बाजार के पास चेकिंग कर रही थी तभी उधर से दो व्यक्ति गुजरे। संदिग्ध लगने पर पुलिस टीम ने दोनों से पूछताछ शुरु कर दी। पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों व्यक्ति शातिर किस्म के वाहन चोर हैं जो रेकी करने के लिए निकले हैं।

बदमाशों की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी चिंटू मीणा और रवि कुमार के रूप में हुई। वर्तमान में



दोनों सलारपुर गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहे हैं। बदमाशों की निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद हुई है। लोगों को डराने के लिए आरोपी अपने पास तमंचा और चाकू रखते हैं। चिंटू और रवि कुमार के खिलाफ गाजियाबाद, दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में तीन-तीन मुकदमे विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं। मजबूरी बताकर आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल को राहगीरों को कम दाम में बेच देते थे। इससे जो रकम मिलती थी उसे दोनों आपस में बराबर-बराबर बांट लेते थे। चिंटू की उम्र 20 साल जबकि रवि कुमार की 26 साल है। चिंटू ही गिरोह का सरगना है।

## एक नजर

### जमीन विवाद में दो भाइयों पर हमला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के खेरली हाफिजपुर में जमीन विवाद का एक मामला सामने आया है। करीब 7 दिन पहले दो सगे भाइयों पर हमला किया गया था। पुलिस ने इस मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना की शिकायत सतबीर ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पड़ोसी रेवसिंह के परिवार के लोगों ने उनके ताऊ और चाचा पर हमला किया। आरोपियों ने लोहे की रॉड और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। उन्होंने फायरिंग भी की, लेकिन गोली किसी को नहीं लगी। दोनों घायलों का ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है।पुलिस ने 6 नामजद समेत 12 आरो. पियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। बुधवार को बुलंदशहर निवासी हिमांशु उर्फ गोलू को पकड़ा गया।उसके पास से घटना में इस्तेमाल किए गए डंडे बरामद हुए हैं। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि बाकी 9 आरोपियों की तलाश जारी है। सभी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के गांव सोरखा में नोएडा प्राधिकरण की भूमि पर अवैध कब्जा करके निर्माण करने के मामले में चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता निखिल मित्तल ने शिकायत में पुलिस को बताया कि गांव सोरखा में खसरा संख्या-282 में प्राधिकरण की अधिसूचित क्षेत्र की भूमि है। आरोप लगाया कि भूमि पर संदीप, लाल सिंह और अन्य निवासी गांव सर्फाबाद द्वारा अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। निर्माण को रुकवाने के लिए भूलेख विभाग और वर्क सर्किल स्तर पर कई बार प्रयास किया गया, लेकिन अवैध निर्माण कार्य नहीं रोका जा रहा था।

अवैध निर्माण करने वाले आरोपी रात के अंधेरे में चोरी-छिपे निर्माण करा रहे हैं। अधिसूचित जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगा होने के बावजूद आरोपी अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। इसी तरह गांव सोरखा में खसरा संख्या-354 में प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि है। इस भूमि पर कृपाल, सुरेंद्र और कुछ अन्य लोग अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि प्राधिकरण की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नियमों का पालन न करने से सोसायटी में हर दिन हो रहा विवाद

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सोसायटी व सेक्टरों में कुत्तों के कारण आए दिन विवाद के मामले सामने आते रहते हैं। विवाद को देखते हुए नियम भी बना दिए गए हैं कि कुत्त्ते को खुला नहीं छोड़े, साथ ही मजल भी लगाने का नियम है, लेकिन लोगों के द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इस कारण आए दिन विवाद के मामले सामने आ रहे हैं। सुपरटेक इकोविलेज-1 सोसायटी में भी कुत्त्ते के कारण विवाद का मामला सामने आया। सोसायटी के लोगों ने मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराया है। सुपरटेक इकोविलेज-1 सोसायटी में एक महिला अपने पालतू कुत्त्ते को खुला छोड़कर घुमा रही थी। कुत्ते को देखकर पैदल टहल रहे लोग डरने लगे। गार्ड ने कुत्ते को भगाया। महिला ने गार्ड को ऐसा करने से मना किया। सोसायटी की कुछ महिलाएं सोसायटी में खड़ी थीं, कुत्ता उनके पास पहुंच गया। इस कारण महिलाएं डर गईं। महिलाओं ने विरोध दर्ज कराया। इस बात पर दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। घटना का वीडिय्यो सोशल मीडिय्या पर वायरल हो रहा है।

### दनकौर में आपातकालीन बचाव की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर स्थित बिहारी लाल इंटर कॉलेज में बुधवार को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एसीपी अरविंद कुमार, दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह और एफसीओ जितेन्द्र कुमार ने इस ड्रिल का नेतृत्व किया।

पुलिस अधिकारियों ने सैकड़ों छात्रों को आपातकालीन स्थितियों में बचाव के तरीके समझाए। उन्होंने छात्रों को बताया कि संकट के समय घबराना नहीं चाहिए। इसके बजाय स्थिति का साहस के साथ सामना करना चाहिए। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कैसे लोग खुद की और अपने परिवार के सदस्यों की मदद कर सकते हैं।

### कुत्ते के झपटने से घायल महिला की रीढ़ की हड्डी में रॉड पड़ी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज-1 सोसाइटी में पालतू कुत्ते के झपटने से पोडियम से करीब 10 फीट नीचे गिरी महिला की रीढ़ की हड्डी का मंगलवार को ऑपरेशन कर रॉड डाली गई। उसको अब भी होश नहीं आया है। वह डॉक्टरों की निगरानी में है। एन-2 टावर निवासी महिला अथर सोमवार की सुबह सोसाइटी में बने पोडियम पर घूम रही थी। इसी दौरान सामने से एक महिला मंदिरा मित्रा अपना पालतू कुत्ता लेकर आ रही थी। पालतू कुत्ते ने महिला अथर की तरफ काटने के लिए हमला किया। कुत्ते के डर से महिला पोडियम से नीचे गिर गई थी। घटना में महिला की रीढ़ की हड्डी टूट गई। घायल महिला के पति मुनीब की शिकायत पर बिसरख पुलिस ने मंदिरा मित्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# शिकायतों के निस्तारण में नोएडा पुलिस पूरे प्रदेश में अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बार जिले के 24 थाने की रैंक पहली रही। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से अप्रैह माह की मूल्यांकन रिपोर्ट बुधवार को जारी हुई। आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पुरस्कृत करने की बात कही है। पुलिस कमिश्नर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतीपत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए हर माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है।

जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसको सरकार की तरफ से नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य नागरिकों को एक आसान और प्रभावी माध्यम प्रदान करना है। इसके माध्यम से वे अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह का कहना है कि इस प्रणाली के तहत गौतमबुद्धनगर का अप्रैल माह में प्रथम रैंक पर आना एक बड़ी उपलब्धि है। यह नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान का प्रमाण है। जब शिकायतों का समाधान जल्दी और सही तरीके से किया जाता है, तो नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। प्रथम रैंक नागरिक संतुष्टि का मापदंड भी है। आगे भी कमिश्नरेट गौतम बुद्धनगर पुलिस की तरफ से ऐसे ही सभी नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। प्रत्येक थाने को लगातार निर्देश दिए गए हैं कि एक पुलिसकर्मी शिकायतों के निस्तारण के लिए तैनात किए जाएं और जैसे ही यह शिकायतें प्राप्त हों, इसमें पीड़ित पक्ष को बुलाकर उसकी शिकायत सुनी जाए और उसका समाधान तुरंत किया जाए।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेज-दो की नई मंडी चौकी क्षेत्र में बुधवार सुबह दीवारों पर पम्फलेट चिपकाने को लेकर झगड़ा करने वाले दो लोगों को पुलिस ने धर दबोचा। दोनों आरोपी पम्फलेट में नौकरी का झांसा देकर बेरोजगार लोगों से 1300 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस ठग लेते थे। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग नई मंडी चौकी क्षेत्र में झगड़ा कर रहे हैं। दोनों के बीच हाथापाई हो रही है। दोनों को जब इसकी सूचना मिली कि पुलिस आने वाली है तो दोनों मौके से अपनी-अपनी बाइक पर सवार होकर भाग गए। दोपहर में सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों को नई मंडी रोड स्थित बीपीएल कट के पास से दबोच लिया। दोनों की पहचान जिला लखीमपुर खीरी के गांव झारा निवासी योगेश कुमार पटेल और जिला संतक. बीरनगर के गांव रामपुर छितूनी निवासी रामनाथ के रूप में हुई। योगेश वर्तमान में गांव छलेरा में और रामनाथ हरियाणा के फरीदाबाद में किराए पर रहता है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह दीवारों पर अलग-अलग कंपनी के पम्फलेट चिपकाने का काम करते हैं। पम्फलेट पर मोबाइल नंबर और नौकरी के बारे में जानकारी होती है। बुधवार सुबह दोनों एक दीवार पर पम्फलेट चिपकाने गए थे। इसी को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह भाग गए। जांच करने पर पुलिस को पता चला कि दोनों आरोपी बेरोजगार लोगों से नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन करने के नाम पर 1300 रुपये बतौर फीस वसूल लेते हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली क्षेत्र में चूहड़पुर अंडरपास के समीप एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे राजमिस्त्री को कुचल दिया। हादसे में राजमिस्त्री की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चूहड़पुर गांव में छोटेलाल अपने परिवार के साथ रहता था। वह राजमिस्त्री का काम करता था। पुलिस ने बताया कि शनिवार को वह काम कर घर लौट रहा था। चुहड़पुर अंडरपास के समीप किसी अज्ञात वाहन ने छोटेलाल को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। अब इस मामले में मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

# जिलाधिकारी ने आपदा मित्रों की बस को हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण के लिए किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के मानक एवं अनिवार्य अहर्ताओं के अनुसार प्रदेश के अवशेष 48 जनपदों में दो चरणों में 100-100 स्वयंसेवक/वॉलिंटियर का चयन करते हुए कुल 4800 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवश्यक प्रशिक्षण राज्य आपदा मोचन बल केंद्र लखनऊ द्वारा दिया जाना है। जिसके क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर से आपदा मित्रों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें एनसीसी, पीआरडी मंगल दल आदि




के युवक-युवतियां सम्मिलित रहे।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी द्वारा आपदा मित्र परियोजना का संचालन किया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि यह 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 मई 2025 से 20 मई 2025 तक चलेगा, जिसमें राज्य आपदा मोचन बल द्वारा आपदा मित्रों को तैराकी,बचाव के तरीके, फर्स्ट एड, सीपीआर आदि चीज सिखाई जाएंगी। प्रशिक्षण के उपरांत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने की सर्टिफिकेट एवं आपदा मित्र की आइडेंटिटी कार्ड भी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक वालंटियर को शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार एक इमरजेंसी रिस्पांडर किट प्रदान करते हुए बीमा पॉलिसी भी निर्गत की जाएगी। आपदा मित्रों की प्रशिक्षण में ठहरने भोजन प्रशिक्षण संबंधी सामग्री आवागमन हेतु वह इत्यादि राज्य आपदा मोचन बाल लखनऊ द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि आपदा मित्र अपने-अपने गांव और शहरों में किसी आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में आपदा से बचाव का कार्य करेंगे।

# औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने के लिए चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण हटाने के लिए जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और इंडियन एंट्रेप्रिन्योर एसोसिएशन के प्रति. निधियों के साथ बैठक में परियोजना विभाग को यह निर्देश दिए।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के उद्यमियों की समस्याओं को हल करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देष पर प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव उद्योग विभाग की टीम के साथ नियमित तौर पर अलग-अलग उद्यमियों और उनके संगठनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं। बुधवार को भी उद्यमियों के साथ एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, महाप्र. बंधक वित्त विनोद कुमार, ओएसडी नवीन कुमार सिंह और महाप्रबंधक एके सिंह ने बैठक की, जिसमें उद्यमियों ने औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या को प्रमुखता से उठाया। एसीईओ ने महाप्र. बंधक परियोजना एके सिंह से औद्योगिक सेक्टरों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने को कहा है। इसके साथ औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर लग रही वीकली मार्केट के लिए उचित जगह चिंहित करने के निर्देष दिए। औद्योगिक सेक्टरों में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट कम होने की वजह से अंधेरा रहता है। एसीईओ ने इस समस्या को भी जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। उद्यमियों ने लोकल ट्रांसपोर्ट का भी मुद्दा उठाया, जिस पर एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा के लिए 100 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी के बारे में जानकारी दी।

# एसआईटी ने खैरपुर में की लीजबैक प्रकरणों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 42 प्रकरणों की एसआईटी ने बुधवार को जांच की। एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह के साथ खैरपुर गुर्जर का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इससे जुड़े किसानों से मिले। उनके अभिलेख/साक्ष्य प्राप्त किए। एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जो किसान बुधवार को एसआईटी के मौका मुआयना के दौरान किसी कारणवश मौजूद नहीं थे और अपना अभिलेख नहीं दे सके हैं। वे अगले बुधवार (14 मई 2025) को सुबह करीब 10 बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में एसआईटी के समक्ष अपना दस्तावेज/साक्ष्य और बयान दे सकते हैं। दरअसल, ग्रेटर नोएडा में आबादी की लीज बैक में गड़बड़ी की शिकायत पर शासन ने यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन से 1451 प्रकरणों में लीज बैक की अनुमति पूर्व में मिल चुकी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इन प्रकरणों की लीज बैक भी कर रहा है। अवशेष 86 प्रकरणों में एसआईटी की जांच चल रही है। बुधवार को एसआईटी की भ्रमण के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी जितेंद्र गौतम, तहसीलदार सचेंद्र बहादुर सिंह सहित लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस सेक्टर 14 नाले के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दिल्ली की तरफ से एक स्प्लेंडर मोटर साइकिल पर सवार 02 व्यक्ति आते हुए दिखे। पुलिस ने उन्हे रुकने का इशारा किया।

मोटर साइकिल सवार वापस पीछे मोड़कर सेक्टर 14 के पीछे से दिल्ली की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने वार्निंग दी और रुकने के लिए कहा। टीम द्वारा पीछा करने पर बाइक सवार अचानक फिसल गए।अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाशों ने अपने पास लिए तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस की आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।जिसकी



पहचान नीरज हुई और इसके दूसरे साथी को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान सूरज निवासी सेक्टर-20 हुई। नीरज कुमार के कब्जे से एक तमंचा .32 बोर व एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

**एनडीपीसी एक्ट में थे वांछित:** इनके कब्जे से चोरी व लूट के 02 मोबाइल, चोरी की 01 मोटर साइकिल स्पलेंडर बरामद की गई। ये बाइक हरियाणा से चोरी की गई थी। बदमाश नीरज के खिलाफ 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। वहीं सूरज के खिलाफ छह से ज्यादा मुकदमे है। ये दोनों एनडीपीएस एक्ट के मामले में भी फरार चल रहे थे। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

# कार सवार ने हिट एंड रन के बाद जान से मारने की धमकी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा स्टेडियम के पास हिट एंड रन की घटना के बाद पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सेक्टर-66 निवासी पीड़ित ने उत्तराखंड के नैनीताल निवासी आरोपी कार मालिक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह दो मई की रात करीब तीन बजे कार से परी चौक की तरफ जा रहे थे। वह नोएडा स्टेडियम स्थित ट्रैफिक सिग्नल के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आए होंडा अमेज के चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई।

प्रदीप कार रोककर हादसे का कारण जानने के बाहर निकले तो आरा. ेपी कार लेकर भाग गया, लेकिन उसकी कार की नंबर प्लेट मौके पर ही गिर गई। पीड़ित ने नंबर के आधार पर जब कार मालिक से संपर्क किया तो उसकी पहचान उत्तराखंड के नैनीताल निवासी शिवांगनी महरोत्रा के रूप में हुई। महिला ने फोन पर प्रदीप को जान से मारने की धमकी दी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बागड़पुर रोड स्थित एक निर्माणाधीन कॉलोनी में काम करते समय एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। मजदूर की मौत से वहां पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में को. हराम मचा है।

थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव घुंघराला निवासी गुलशेर 30 वर्षीय बुधवार की सुबह अपने साथियों के साथ बागड़पुर रोड स्थित एक कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी कर रहा था। यहां पर वह मकान की छत पर लोहे की सरिया को सीधा कर रहे थे। इस दौरान मजदूर के हाथ का सरिया हाईटेंशन लाइन को छू गया जिससे मजदूर हाईटेंशन लाईन की चपेट में आ गया और वह बुरी तरह झुलस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने मकान पर काम कर रहे अन्य मजदूरों व आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गुलशेर की मौत की खबर जब गांव में पहुंची तो परिजनों में को. हराम मच गया। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे के संबंध में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





# महाराणा प्रताप का यूनीपोल हटाने पर राजपूत समाज के लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में महाराणा प्रताप जयंती के लिए लगाए गए यूनीपोल को कुछ युवकों द्वारा हटाए जाने पर सोमवार को राजपूत समाज के लोगों में रोष फैल गया। सैकड़ों समाज के युवक मौके पर पहुंचे और अपना विरोध जताया।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर मामला शांत कराया। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए लोगों से बातचीत की। अधिका. रियों ने बताया कि यूनीपोल एक विज्ञापन फर्म द्वारा धौलाना शिफ्ट किए जा रहे थे और यह कार्य जानबूझकर नहीं किया गया था। पुलिस ने स्थिति शांत करने के बाद लोगों को समझाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामला यूनीपोल शिफ्टिंग का है, जिसके चलते लोगों को गलत जानकारी मिली।




# जिला मुख्यालय में पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को जिला मुख्यालय में पूर्व सैनिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले.कर्नल विवेक सिंह द्वारा पूर्व सैनिकों को कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के साथ ही पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले. कर्नल विवेक सिंह, उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु वारंट आफिसर मनबीर सिंह, सदस्य जिला सैनिक बंधु ओ. कैप्टन राजेश पाल, ओ.कैप्टन महीपाल सिंह, हवलदार शाहिद अली, हवलदार कृष्ण पाल सिंह व काफी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। मीटिंग से पूर्व सैनिकों द्वारा जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय का उनके कार्यालय में स्वागत किया गया तथा जनपद के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि स्वरूप सर्मिपत स्मारिका शहीद शौर्यगाथा की प्रति भेंट की। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले.कर्नल विवेक सिंह ने जिलाधिकारी एंव जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास को सैनिकों से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं जैसे जिला सैनिक बंधु का पुर्नगठन व जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय हेतू भूमि का आवंटन से अवगत कराया। जिला. धिकारी ने आश्वासन दिया कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण वरियता के साथ किया जायेगा।



# सीएनजी पाइपलाइन कार्य के दौरान गड्डे में दबा मजदूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीएनजी पाइपला. इन बिछाने के लिए खोदे गए गहरे गड्डे में अचानक एक मजदूर दब गया। मजदूर के दबने से अचानक वहां चीख पुकार होने लगी जिसे सुनकर वहां पर काम कर रहे आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पाकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन तथा लोगों ने उसे गहरे गड्डे से बाहर निकाल लिया।

बुधवार की सुबह कर्मचारी और मजदूर अपने काम पर लगे हुए थे। गोरखपुर निवासी मजदूर सुजीत गड्डे में पाइप लगा रहा था। सुबह करीब साढ़े सात बजे अचानक ऊपर से ढांग़ गिरने से मजदूर करीब 25 फुट गहरे गड्ड में मिट्टी के नीचे दब गया, जिसकी चीख सुनकर आसपास कम कर रहे मजदूर ,पेट्रोल पंप के कर्मचारी और राहगीर वहां इकट्ठे हो गए। तुरंत ही सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ,तहसील प्रशासन की टीम, दमकल विभाग की गाड़ी ने पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसे सकुशल निकाल लिया गया।





# तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। मौसम के करवट लेने के साथ ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली से सटे हापुड़-नोएडा में झमाझम बारिश हुई। तेज हवा के साथ बारिश जारी है।

बुधवार को दिल्ली समेत हापुड़-नोएड़ा में शाम से मौसम बदल गया। तेज आंधी के साथ घने बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। सुबह से मौसम सुहाना बना था। ऐसे में हल्के बादलों की आवा. जाही लगी थी। शाम के वक्त तेज धूल भरी आंधी आई और कुछ ही देर में तेज झमाझम बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इस खुशनुमा मौसम का यह दौर अभी अगले सप्ताह के अंत तक बना रहेगा। मौसम विभाग ने आठ मई के लिए तेज हवाओं के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही, सात से नौ मई तक हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। हापुड़ शहर में बुधवार को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए हुए थे और बारिश की संभावना भी बनी हुई थी। दोपहर को अचानक बारिश शुरू हुई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि, कुछ स्थानों पर जल भराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।



# पत्नी ने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए एसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को अपने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने हापुड़ एसपी को एक शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि उसका पति सुभाष कश्यप निवासी केसुपुर सटला जिला बुलंदशहर का रहना वाला है जो की ट्रक चलाने का काम करता था। आरोप है कि उसका पति हापुड़ के बाबूगढ़ निवासी जावेद अली के यहां ट्रक चलाने का काम करता था। आरोप है कि 29 अप्रैल को रात्रि में समय करीब 8 बजे आरोपी जावेद ने उसके पति को अपने घर बुलाया और ट्रांसपोर्ट नगर गाजियाबाद से ट्रक में माल लेकर आसाम भेज दिया था। इस दौरान जिला बुलंदशहर के केसुपुर सटला निवासी मोहित पुत्र गोपाल भी उनके साथ गया था। आरोप है कि 30 अप्रैल समय करीब 11:30 बजे रात्रि में पीड़िता के मोबाइल फोन पर उसके पति के नंबर से आरोपी जावेद का फोन आया कि उसके पति सुभाष की हार्ट अटैक होने के कारण मोदीनगर रोड पर स्थित सरस्वती हॉस्पिटल में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पीड़िता परिवार समेत हापुड़ में पहुंची। आरोप है कि उसके पति के चेहरे पर काफी गहरे घाव और चोट के निशान थे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों द्वारा उसके पति की किसी लोहे के हथियार से हत्या की गई है। पीड़िता का आरोप है कि इससे पहले भी आरोपी जावेद और मोहित ने उसके पति को जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता का आरोप है कि उसने थाना पिलखवा पहुंचकर मामले की शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। जिसको लेकर बुधवार को पीड़िता पूर्व मंत्री के बेटे अनुज कश्यप के साथ अपने परिवार समेत एसपी कार्यालय पहुंची। पीड़िता ने एसपी से उसके पति की हत्या की जांच और आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। एसपी ने पीड़िता को मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



# मॉक ड्रिल के दौरान चारों ओर छाया अंधेरा

## आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के लिए कराया गया अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार की शाम जैसे ही मॉक ड्रिल का समय शुरू हुआ चारों ओर अंधेरा छा गया। चारों ओर सायरन की आवाज़ सुनाई देने लगी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बागपत में 7:15 बजे मॉक ड्रिल प्रारंभ हुआ और 7:30 बजे समाप्त हुआ।

मॉक ड्रिल के चलते पूरे बागपत में चारों ओर अंधेरा छा गया। सभी घरों दफ्तरों एवं संस्थाओं की बत्तियां गुल हो गई। 7 बजकर 15 मिनट पर चारों ओर सायरन की आवाज़ गूंजने लगी जो जहां पर था वह वहीं ठहर गया। घरों दफ्तरों में कहीं पर भी कोई भी रोशनी नजर नहीं आई। यह पूरा कार्यक्रम 15 मिनट तक चलता रहा 7:30 बजे मॉक ड्रिल समाप्त हुआ और चारों ओर की बत्तियां जल गई। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकाल में बचाव का अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रीम में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी अपनी ड्यूटी में मुस्तैद दिखाई दिए।





# ट्रैक्टर से जुताई के दौरान किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला न्यू आर्य नगर के 40 वर्षीय रिंकू सैनी की खेत जोतते समय ट्रैक्टर से जुताई के दौरान मौत हो गई। जिससे परिवार में को. हराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बुधवार को मोहल्ला न्यू आर्यनगर के रिंकू सैनी गांव अचपल गढ़ी में एक खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान अचानक से ब्रेक लगने पर वह ट्रैक्टर से नीचे आ गिरा और चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी शीतल और तीन नाबालिग बच्चों को छोड़ गया है। इस अप्रत्याशित घटना से परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर है। कोतवाली प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि काम के दौरान वह असंतुलित होकर ट्रैक्टर से गिर गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## एक नजर

# पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर, मां की मौत, बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमे महिला की मौत हो गई तथा महिला का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया गया है कि गाजियाबाद के इस्लाम नगर निवासी 52 वर्षीय फेमीदा अपने बेटे शकील 28 वर्षीय के साथ बाइक से हापुड़ जा रही थीं। बारिश शुरू होने पर दोनों ने पैदल यात्रियों के लिए बने ओवरब्रिज के नीचे बाइक खड़ी कर रुक गए। तभी गाजियाबाद की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फेमीदा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शकील गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया। शकील को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि चालक नशे की हालत में था। मामले की जांच जारी है।

# किशोर ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** घरेलू सामान लेकर जा रहे किशोर पर हमला करते हुए गांव के युवक ने जुबान बंद न रखने पर जान से मारने की धमकी दे डाली।

गढ़ क्षेत्र के गांव सरूरपुर में मौमीन खां का नाबालिग बेटा रिहान बुधवार की दोपहर में घरेलू सामान लेकर जा रहा था। जिसे रास्ते में खड़े गांव के ही एक युवक ने जबरन रोक लिया और बेरहमी से मारपीट कर डाली। पीड़ित का शोर सुनकर आए ग्रामीणों को देख आरोपी चुप न बैठने पर भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित बेटे को साथ लेकर उसका पिता कोतवाली में पहुंचा, जिसने संबंधित घटनाक्रम से अवगत कराते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने मेरठ के एक गांव निवासी युवक पर किशोरी से छेड़छाड़ करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद पुलिस आरोपी को तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ भारत के तत्वाधान में हापुड़ के रेलवे रोड पर स्थित रॉयल पैलेस में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा ने भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम संयोजक पंडित गोपाल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष यूपी ने सभी पदाधिकारियों और सभी ब्राह्मणों का गर्म जोशी से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए चेयरमैन रविकांत शर्मा ने कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ के संस्थापक परम श्रद्धेय बाबूजी स्व.पंडित मांगेराम शर्मा ने ब्राह्मणों की एकता को लेकर एक मुहिम चलाई जिसमें सभी ब्राह्मणों को संबोधित करते हुए कहा था कि ब्राह्मण सदा ही पुजनीय एवं देश. हित में अग्रणी भूमिका में रहा है। कार्यक्रम के अंत में पहलगांव में हुए आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में अतिथियों को प्रतीक शील्ड देकर एवं बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हर्ष शर्मा एडवोकेट, अनिल शर्मा, महेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, आशीष शर्मा, कुलदीप शर्मा, अजय शर्मा, लोकेश शर्मा, सुनील शर्मा, नवरत्न त्यागी, दिनेश शर्मा आर जी सुमंगलम राज लक्ष्मी शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# बस में रखे बैग से आभूषण चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली पुलिस ने बसों में सफर करने के दौरान यात्रियों के बैग से नकदी जेवर चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चार चाकू, चोरी के जेवर समेत 30 हजार की नकदी बरामद की। आरो. पियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की चार संदिग्ध लोग हाईवे पर टोल के निकट खड़े हुए है। पुलिस ने उनका पीछे कर चारों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में जेवर, 30 हजार की नकदी, चार चाकू बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नवाब, आरिफ व ताहिर तथा आलेमीन है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# पाकिस्तान के आतंकवाद पर भारी पड़ा भारत का ऑपरेशन सिंदूर

- सेना की वीरता को देश की जनता ने सराहा
- पाकिस्तान पर हमला करने वाली मुस्लिम कर्नल सोफिया कुरैशी की रही अहम भूमिका




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार की रात भारतीय सेवा ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान पर हमला किया जिसमें पूरे पाकिस्तान के अंदर खलबली मच गई। भारतीय सेवा की तरफ से किए गए हमले में लगभग 10 आतंकवादियों के ठिकानों पर मिसाइल दागी जिसमें दर्जनों आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। साथ ही साथ भारत में आतंकवाद की कई घटना करने वाले मसूद अजहर के मदरसे पर भी बमबारी हुई जिसमें वह पूरी तरह तबाह हो गया।

बताया जा रहा है कि आतंकवादी मसूद अजहर के परिवार और उसके खास लोगों में लगभग 14 लोग इस कार्रवाई की जद में आए और वह मारे गए। पाकिस्तान में हुई तबाही के बाद सेना की कार्रवाई को लेकर भारत के लोगों ने राहत की सांस ली और भारतीय सेना की कार्यवाही को सारहते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। मेरठ में भी भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर खुशी का माहौल देखा गया। लोगों ने कहीं लड्डू खिलाकर तो कहीं भारतीय सेना को सैल्यूट करके हमले को सही ठहराया। इस दौरान मेरठ के व्यापारी, सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने अपने-अपने तरीके से इस हमले पर प्रतिक्रियाएं दीं।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री पंडित सुनील भराला ने प्रधानमंत्री और देश की सेना को दी बधाई है। पंडित सुनील भराला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के अदम्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय नेतृत्व का प्रतीक है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत अपने हर नागरिक की सुरक्षा के लिए हर सीमा पार करने को तैयार है। हमें हमारे प्रधानमंत्री और सेना पर गर्व है।



जाट आरक्षण की लड़ाई लड़ने वाले जाट समाज के बड़े नेता रोहित जाखड़ ने भी भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाते हुए उनकी सराहना की है और कहा कि जो लोग पहलगाम में मारे गए थे उनका बदला पाकिस्तान के अंदर घुसकर लिया गया है। साथ ही साथ जो लोग देश के मुसलमान के खिलाफ नफरत और जहर घोल रहे थे उन्हें यह भी देखना चाहिए कि जिस महिला ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों को सबक सिखाया है वह एक भारतीय महिला है और जिसका नाम करनल सोफिया कुरैशी है। भारत को ऐसी बेटियों पर नाज है जो न सिर्फ अपने धर्म की लाज बचाती हैं बल्कि अपने देश का भी मान बढ़ाती हैं।

# मुस्लिमों के खिलाफ जहर उगलने वालों के मुंह पर लगा तमाचा!

## कर्नल सोफिया कुरैशी नें ऑपरेशन सिंदूर से तोड़ी पाकिस्तान की कमर

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**



**मेरठ।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जहां पूरा विश्व हैरान हो गया था वहीं भारत के अंदर हिंदू और मुसलमान के बीच खाई पैदा करने के लिए कुछ हिंदूवादी संगठन पूरी तरह जमीन पर उतर आए थे और हर जगह मुसलमानों के खिलाफ एक नॉरेटिव पैदा कर रहे थे। कभी बाजारों में तो कभी चलते हुए मुसलमान को परेशान कर रहे थे। आगरा में धर्म पूछ कर हिंदू संगठनों ने दो मुसलमान को मारा। नैनीताल में मुस्लिम दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गई। उत्तराखंड के मसूरी में धर्म पूछ कर मुसलमानों को पीटा गया और जगह-जगह हिंदू और मुसलमान का झगड़ा करने के लिए हिंदूवादी संगठनों ने पूरे देश में तनाव पैदा किया और देखते ही देखते भारत के अंदर हिंदू-मुस्लिम तनाव पूरी तरह पनप गया, लेकिन इसी बीच आतंकवादी हमले का जवाब देने के लिए भारत सरकार अपनी तैयारी कर रही थी। वह देश में चल रहे घरेलू झगड़े पर ध्यान नहीं दे रही थी क्योंकि उसे ऐसा हथियार चाहिए था जिससे पाकिस्तान की कमर भी टूट जाए और भारत में पनप रहे हिंदू मुसलमान के विवाद को भी ठंडक मिल जाए।

बुधवार की देर रात भारत सरकार ने एक तीर से कई निशाने साधे। भारत सरकार ने पाकिस्तान पर हमला करने के लिए भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के तहत काम किया और इसको लीड करने के लिए भारतीय सेना की मुस्लिम महिला कर्नल सोफिया कुरैशी को जिम्मेदारी दी। सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को न सिर्फ लीड किया बल्कि पूरी दुनिया में इस ऑपरेशन के माध्यम से एक संदेश भी दिया कि जिस पाकिस्तान ने धर्म देखकर आतंकवादी हमला कराया उस पाकिस्तान पर भारतीय सेना की एक मुस्लिम महिला ने ही हमला किया है और यह बता दिया है कि भारत के लोग अपने देश के साथ हैं। वह किसी भी धर्म के होने से पहले एक भारतीय हैं। वहीं भारत सरकार ने हमले की जिम्मेदारी तो भारतीय महिलाओं के कंधों पर दी और दुनिया को यह बता दिया कि भारत की सेना में भारतीय महिलाओं की भागीदारी क्या है। भारतीय महिलाएं और खास तौर से मुस्लिम महिलाएं अब किसी से कम नहीं है। भारत एक महान देश है जो ना अपने कल्चर को भूलता है और ना ही संविधान को। भारत सरकार ने भी एक तरह से कई मिसाले दी हैं। उन्होंने सोफिया कुरैशी को इस ऑपरेशन की कमान देकर भारत के अंदर मुसलमान के खिलाफ जहर भरने वाले नफरती हिंदू संगठनों के मुंह पर भी तमाचा मारा है और यह बताया है कि भारत सरकार देश के हर नागरिक के साथ है और हमें आतंकवाद से लड़ना है ना कि मुसलमानों से लड़ना है। सोफिया कुरैशी का नाम सामने आने के बाद मुस्लिम समाज ने भी राहत की सांस ली है और जो लोग देश में रह रहे हैं मुसलमानों को टारगेट कर रहे थे उन्हें भी यह दिखाने का काम किया है कि पाकिस्तान पर हमला करने वाली एक भारतीय मुस्लिम महिला थी इसलिए हमें आपस में नहीं लड़ना है हमें एकता दिखाते हुए मिलकर दुश्मनों का मुकाबला करना है ताकि आतंकवाद के साथ-साथ भारत के अंदर हिंदू और मुसलमान को आपस में लड़ाने वालों के मुँह पर भी तमाचा लग सके।

## एयर स्ट्राइक के बाद जानी क्षेत्र में खुशी से झूमे लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद सोशल मीडिया, व्हाट्सएप पर हर जगह देश का युवा इस हमले पर खुशी जाहिर कर रहा है। जानी क्षेत्र में भी इस हमले को लेकर युवाओं ने भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। गांव रसूलपुर धौलड़ी में युवा नेता गौरव गुर्जर अमन वर्मा प्रवीण सोनी मोहन गर्ग अंकित गर्ग रवि गुर्जर रवि भगत राम फ्रूट आदि ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए हिंदुओं पर आतंकी हमले का बदला लिया गया है पाकिस्तान का जल्दी खत्म होगा अगर जरूरत पड़ी तो देश का हर युवा बॉर्डर पर खड़ा होगा। उधर, जानी बस स्टैंड पर युवाओं ने पाकिस्तान का पुतला फूंककर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। वहीं प्रवीण सोनी ने कहा कि भारत 1965 1971 में भी अपनी हार नहीं मानी थी पाकिस्तानियों को धूल चटाई थी अब 2025 वाला भारत बहुत ताकतवर और मजबूत है।



**प्रधानमंत्री की कार्रवाई से खुश उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई।**

# पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करने पर बहसूमा व रामराज में खुशी की लहर

- भाजपा नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मंगलवार की देर रात भारत ने पाकिस्तान पर अपनी विमानो से एयर स्ट्राइक के बाद सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, फेसबुक आदि पर सभी युवाओं एवं भारत के नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई है जिसमें बहसूमा व रामराज में नागरिकों एवं ग्रामीणो में जोश भर गया है जिसमें रामराज में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मोनू बंसल के प्रतिष्ठान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मोनू बंसल ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगांव में हुए हिंदुओं पर आतंकी हमले का बदला लिया गया है। पाकिस्तान का जल्दी खत्मा होगा। अगर जरूरत पड़ी तो देश का हर युवा बॉर्डर पर खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो भी निर्णय ले रहे हैं वह देश हित में ले रहे हैं। हमें ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व होना चाहिए कि अगर हमारे देश के नागरिक पर जो भी आंख उठाएगा उसको भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि ने कहा कि हमारे देश के जवानों ने एयर स्ट्राइक करके यह दिखा दिया है कि वह देश के लिए अपनी जान को न्यौछावर कर देंगे। एयर स्ट्राइक होने के बाद आतंकी हमले के आरोपियों को मार गिराया यह भारत देश का बदला है। इस मौके पर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर मुख्य रूप से विपिन मनचंदा, रोहित बंसल, डॉक्टर श्रीपाल कोहली, मास्टर ब्रह्मचारी सिंह, सत्येंद्र शर्मा, सुदर्शन गोयल, लक्ष्मी नारायण गोयल, राजन देशवाल, मनीष राणा, रामवीर चौधरी, रामदत्त उपाध्याय, सुरेश गिरी, निर्दोष त्यागी, अजय बहादुर, विक्की गुंबर आदि लोग शामिल रहे।

## आतंकवादियों पर अटैक को लेकर लोगों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान आतंकवादियों पर देर रात अटैक किया। जिसमें कई आतंकवादियों को ढेर किया गया। जिसको लेकर आरएलडी पार्टी के नेताओं और आम जनता में खुशी की लहर देखने को मिली।



लोगों ने मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की है। बता दें सुबह उठते ही जब इस खबर का लोगों को पता चला कि भारत की ओर से पाकिस्तान आतंकवादियों पर अटैक किया गया है और कई आतंकवादियों को ढेर किया गया है जब से ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ने लगी और लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी को जाहिर किया। इस दौरान लोकदल पार्टी के नेता प्रतीक जैन ने भी मुस्लिम समाज के लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की है। मुस्लिम समाज के लोग भी इस अटैक से काफी खुश नजर आ रहे हैं उन्होंने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री ने एक अच्छी पहल की है सिंदूर ऑपरेशन चलाया गया है इससे पाकिस्तान बौखला गया है।

## मुस्लिम युवाओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर किया खुशी का इजहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी नासिर सैफी के नूरनगर स्थित कार्यालय पर मुस्लिम युवाओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया। पहलगाम मे हुए आतंकवादी हमले का पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करके बदला लेने पर मुस्लिम युवाओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रिया कहा। इस दौरान परवेज सैफी, निजाम कुरैशी, आसिफ सैफी, समद अब्बासी, यूनुस सैफी, सादिक सैफी मौजूद रहे।

# स्कूल-कॉलेज, विश्वविद्यालय व अन्य स्थानों पर किया गया मॉकड्रिल का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शासन के निर्देशो के क्रम में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को जनपद के सेन्ट जोजफ इंटर कालेज सहित बीएवी इंटर कालेज, सीसीएस यूनिवर्सिटी, सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ कालेज, आईटीआई साकेत, इस्माइल नेशनल गर्ल्स पी.जी. कालेज, आर.जी. डिग्री कालेज, आईआईएमटी कालेज, एनएएस डिग्री कालेज, डीएन डिग्री कालेज, आईओसीएल, पूठ वेदव्यासपुरी व अन्य स्थानों पर मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट, स्कूल, कालेजों के छात्र-छात्राओ, पुलिस व प्रशासन की सहभागिता रही। जिलाधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति आने पर आमजन को अपनी सुरक्षा के लिए जागरूक करने हेतु इस मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति आने पर क्या सावधानियां बरतनी है, क्या करें तथा क्या न करें की जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होने कहा कि आपात स्थिति आने पर आमजन मॉकड्रिल में दिये गये निर्देशों, गाइडलाइन का पालन अवश्य करें। मॉक ड्रिल में दिये गये निर्देशों, गाइडलाइन का पालन करने से आमजन खुद को व अन्य को सुरक्षित रख पायेंगे। इस अवसर पर विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एसएसपी विपिन ताडा, अपर जिलाधिक. ारी नगर बृजेश सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट, स्कूल, कॉलेजों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी ने छात्रों को हमले से बचने के दिये टिप्स

## झूठी अफवाह फैलाने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

- परीक्षितगढ़ इंटर कॉलेज में छात्रों को हमले में होनी वाली समस्याओं से बारे में विस्तार से दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के परीक्षितगढ़ इंटर कॉलेज में थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई पर्यटकों की हत्या के विरोध में पड़ोसी देश पाकिस्तान पर भारत हमला कर सकता है उसके विपरीत यदि पाकिस्तान हमला करता है तो हमले से कैसे बचा जाए यह सभी को जानना जरूरी है। ऐसी स्थिति में येलो रेड ग्रीन तथा व्हाइट सायरन से सावधान किया जाएगा। हमले के समय मोबाइल तथा लाइट का प्रयोग न करें अफवाह पर ध्यान न दें और गलत अफवाह न फैलाएं घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने में मदद करें तथा प्रशासन की मदद करें। वहीं सभी बच्चों को सायरन सुनाकर बताया गया। इस मौके पर बीडीओ राजेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख ब्रहम सिंह, पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू, अधिशासी अधिकारी मनोज शर्मा, सीएचसी प्रभारी डाक्टर अमर सिंह, कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव प्रताप सिंह, संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, बीपीएम इकरार अहमद, सचिन त्यागी सब इंस्पेक्टर राजकुमार एस आई अभिषेक महिला सब इंस्पेक्टर शिखा सुंदर चौधरी प्रमोद प्रधान, गगन त्यागी आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के केपी इंटरनेशनल स्कूल में भी मॉकड्रिल के बारे में बताया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज शर्मा, चेयरमैन हिटलर त्यागी, बीपीएम इकरार अहमद स्कूल के चेयरमैन दीपक भाटी, डायरेक्टर शशांक भाटी, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य अर्चित गर्ग, लिपिक संदीप गौतम आदि मौजूद रहे।

# जागरूकता व सतर्कता से युद्धकालीन स्थितियों से निपटा जा सकता है: डॉ. जी.के.थपलियाल

## सुभारती विवि की आपदा प्रबंधन समिति व प्रशासन की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की आपदा प्रबन्धन समिति द्वारा नागरिक सुरक्षा अभ्यास को लेकर ब्लैक आउट व मॉक ड्रिल के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने की। जिसमें कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, एसडीएम सदर अंकित कुमार, क्षेत्रधिकारी संजय कुमार जयसवाल, थाना जानी के एसएचओ महेश सिंह एवं नायब तहसीलदार सोनपाल सिंह ने युद्धकालीन स्थितियों में आवश्यक सुरक्षा उपायों और बचाव के तरीकों पर विस्तृत चर्चा की।

एसडीएम सदर अंकित कुमार ने कहा कि ब्लैक आउट के समय सायरन बजने के दौरान घबराना नही है एवं न ही भगदड़ करनी है। सभी लाइटें बन्द करनी है। इन्वर्टर जनरेटर भी बंद करने है ताकि रोशनी बाहर न आ सके। लोग रेडियों मोबाइल या अन्य माध्यमों से सरकारी निर्देश सुनते रहें। क्षेत्रधिकारी संजय कुमार जयसवाल ने कहा कि जागरूकता ही आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा में मददगार है। ब्लैक आउट के दौरान खिड़कियों के दरवाजें बंद करें ताकि रोशनी बाहर न आएं। अफवाहों पर ध्यान न दें एवं न ही कोई भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करें। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के.थपलियाल ने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय की आपदा प्रबन्धन समिति वर्तमान युद्धकालीन स्थितियों से निपटने हेतु नागरिक सुरक्षा के प्रति सजगता से कार्य कर रही है। विश्व. विद्यालय मॉक ड्रिल व प्रशिक्षण, आपातकालीन संपर्क प्रणाली, चिकित्सा व प्राथमिक उपचार, खाद्य व जलापूर्ति, अग्निशमन, मनोवैज्ञानिक सहायता एवं प्रशासनिक समन्वय के साथ हर स्थिति का सामना करने हेतु तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यही कर्तव्य है कि वह विचलित न हो, संयम के साथ आपात स्थिति में एक दूसरे की मदद करें। विश्वविद्यालय प्रशासन आपदा के किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए पूर्ण रूप से सतर्क है।

# मॉक ड्रिल में छात्र-छात्राओं को दिए आपदा में बचाव के टिप्स

- पुलिस प्रशासनिक अफसरों ने छात्रों को दी उपयोगी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** भारत - पाकिस्तान के तनाव को लेकर नागरिक सुरक्षा एवं संहिता के अंतर्गत भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वाधान में जिला प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन एएस इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडीएमई बलराम सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष मोहन अग्रवाल, एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण गौतम, एसडीएम मवाना दीपक माथुर, सीओ अभिषेक पटेल, एफएसओ विश्वास गर्ग, इंस्पेक्टर मवाना विशाल कुमार श्रीवास्तव, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना डाक्टर अरुण कुमार, सिविल डिफेंस से आपदा मित्र जितेंद्र कुमार का विद्यालय प्रांगण आगमन पर छात्र-छात्राओं के द्वारा पुष्प वर्षा एवं तिलक के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने समस्त अतिथियों के अंग वस्त्र, माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया। उसके उपरांत सिविल डिफेंस, फायर सेफ्टी, चिकित्सा एवं एनसीसी के द्वारा आपदा की स्थिति में आपदा मित्र जितेंद्र कुमार ने बताया कि आपदा के समय हमें मकान में कोनो पर रहना चाहिए तथा घर की लाइट रात को बंद रखनी चाहिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर प्रवीण गौतम ने बताया कि यदि कोई चिकित्सा से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है तब तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र को सूचना दें तथा घायल लोगों की मदद करें स्वयं सुरक्षित रहें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें पुलिस अधीक्षक देहात राक. ेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि जब हम तनाव में होते हैं तो उस समय लिए गए फैसले गलत भी हो जाते हैं। इस कारण सोशल मीडिया की अफवाह से दूर रहें। सोच समझकर निर्णय लें तथा लोगों को जागरूक करें।



भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में न जाएं रात को सोते समय घरों की लाइट आवश्यक रूप से बंद करें। क्योंकि कभी भी रात को जब सर्जिकल स्ट्राइक की जाती है उसे समय प्रकाश वाले क्षेत्र में हमला होने के संभावनाएं अधिक होती है अपर जिला अधिकारी प्रशासन बलराम सिंह ने बताया कि प्रशासन प्रत्येक आपदा में आपके साथ खड़ा है आपदा के समय अपने पास खाद्य सामग्री आवश्यक रूप से उपलब्ध होनी चाहिए तथा पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था होनी चाहिए इसके साथ-साथ अपने जिले के समस्त अधिकारियों तथा समस्त विभाग के नंबर अपने पास रखें बड़े ही समझदारी से लोगों को समझाएं कि वे तनाव की स्थिति में पैनिक न हो उसके उपरांत प्रयोगात्मक रूप से मॉक ड्रिल कार्यक्रम कराया गया जिसमें आपदा से बिल्डिंग रहने पर हमें अपने आप को कैसे बचाव करना है तथा आग लगने की स्थिति में किस प्रकार फायर एक्सटेंशन का उपयोग करना है तथा अपने घरों में रेत की बाल्टिया भरकर आवश्यक रूप से रखें विद्यालय में आग लगाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी के द्वारा उसे बुझाया गया। इसका प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को दिया गया। उसके उपरांत आपदा के पश्चात भीड़भाड़ वाले एरिया से पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षित निकालने का भी प्रशिक्षण कर दिखाया। छात्र छात्राओं को इसका बेहद लाभ प्राप्त हुआ, तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर मेघराज सिंह ने समाज विद्यालय परिवार की तरफ से समस्त अधिकारी गणों का आभार व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम में फायर विभाग से सचिन कुमार , तथा महिला थाने से प्रीति एवं अंजुम पठान , चीफ प्रॉक्टर मीनाक्षी, कृष्ण चंद, विभा जैन, कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह, निष्ठा, विशेष कुमार, श्रवण कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन निपेंद्र कुमार भटनागर ने किया।

# भारतीय क्रिकेटरों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में वीरता के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की






**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए बुधवार को देशभक्ति की भावना से एकजुट होकर देश के सशस्त्र बलों के प्रति अटूट समर्थन व्यक्त किया है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि धर्मो रक्षति रक्षता जय हिंद की सेना 'ऑपरेशन सिंदूर'।

स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सेना की सराहना की। उन्होंने एक्स पर 'जय हिंद (भारत की जीत)' लिखा और ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर साझा की। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा भारतीय सशस्त्र बलों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने वालों सबसे आगे थे। उनमें से प्रत्येक ने सोशल मीडिया पर देशभक्ति संदेश साझा किए, सभी ने 'जय हिंद' लिखा।

## केकेआर ने दिया सीएसके को 180 रनों का लक्ष्य

**■ कोलकाता नाइटराइडर्स के अजिंक्य रहाणे ने 48 रन बनाए सीएसके के नूर को 4 विकेट**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 57वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 180 रन का टारगेट दिया है। टीम ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बना लिए हैं। मनीष पांडेय 36 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 48, आंद्रे रसेल ने 38 और सुनील नरेन ने 26 रन बनाए हैं। नूर अहमद ने 4 विकेट झटके।

रवींद्र जडेजा और अंशुल कंबोज को एक-एक विकेट मिला। मथीशा पथिराना ने पारी के आखिरी ओवर में 6 रन खर्च किए। इन रनों के सहारे कोलकाता ने 20 ओवर में 179 रन का स्कोर बनाया। 19वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। यहां रिंकू सिंह 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने आयुष म्हात्रे के हाथों कैच कराया। 17वें ओवर में कोलकाता ने 5वां विकेट गंवाया। यहां आंद्रे रसेल 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने डेवाल्ड ब्रे. विस के हाथों कैच कराया। एमएस धोनी के आईपीएल में 200 डिसमिसल्स हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने हैं। उनके बतौर विकेटकीपर 153 कैच और 47 स्टंपिंग हो गई हैं। 12वें ओवर में कोलकाता ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अश्विन के ओवर की आखिरी बाल पर मनीष पांडेय ने दो रन लेकर टीम स्कोर 100 पार पहुंचाया। नूर अहमद ने 8वें ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की पहली बाल पर सुनील नरेन और चौथी बाल पर अंगक्रुष रघुवंशी को पवेलियन की राह दिखाई। कोलकाता ने पावरप्ले में 67 रन बनाए, नरेन-रहाणे की फिफ्टी पार्टनरशिप टॉस जीतकर बैटिंग कर रही कोलकाता की टीम ने अच्छी शुरुआत की है। टीम ने पहला विकेट गंवाने के बाद पावरप्ले में 67 रन बना लिए, हालांकि गुरबाज का विकेट भी गंवाया। लेकिन रहाणे-नरेन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम को शुरुआती झटके से उबारा। पारी के 5वें ओवर में कोलकाता ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।



## धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैच के स्थान में हो सकता है बदलाव

**सीमावर्ती राज्यों के हवाई अड्डें बंद करने को लेकर जताई जा रही ऐसी आशंका**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाये जाने के बाद सीमावर्ती राज्यों के हवाई अढे बंद करने को लेकर ऐसी आशंका जतायी जा रही है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एतिहायती तौर पर धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले मैच का स्थान बदलवा कर सकती है। पंजाब किंग्स की ओर से यूनीवार्ता को बताया गया कि अभी तक बीसीसीआई की ओर से मुम्बई इंडियंस के साथ 11 मई को धर्मशाला में होने वाले मैच के स्थान के बदलाव के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। भारतीय सेनाओं की ओर से चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से लेकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश के हवाई अढे बंद किये जाने पर ऐसा माना जा रहा है कि धर्मशाला में होने वाले मैच को कई अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई को मैच होना है।

## IPL आचार संहिता उल्लंघन के लिए पांड्या, नेहरा पर लगा जुर्माना



**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गए मैच में धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। चूंकि आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध है इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित मैच खेल रही टीम के सभी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया। वहीं गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।




## निशानेबाजी में वेदांत उर्वा ने जीते स्वर्ण पदक

**● वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण जीतकर देश का नाम रोशन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते।

यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452-5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451-9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440-1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 237.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने के बाद वेदांत ने कहा कि मैं पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था, लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं।

### खेल विशेष

## द. अफ्रीका को हराकर भारतीय महिला टीम त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** जेमिमाह रॉड्रिग्स (123) की शतकीय, दीप्ति शर्मा (93) और स्मृति मंधाना (51) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद अमनजोत कौर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में द. अफ्रीका की महिला टीम को 23 रनों से हरा दिया है। तीन हार के साथ दक्षिण अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर हो गई। भारत रविवार को फाइनल मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। 338 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी द. अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अपना पहला विकेट लारा गुडॉल (चार)रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद मियान स्मिट ने तेजमिन ब्रिट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमनजोत कौर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मियान स्मिट (39) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। नोंडुमिसो शंघासे (36) के रूप में द. अफ्रीका का चौथा विकेट गिरा। सिनालो जाफ्टा (21) रन बनाकर आउट हुई। एन डर्कसन ने 80 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाये। कप्तान क्लोई ट्राइऑन 43 गेंदों में (67) रन को दीप्ति शर्मा ने बोल्ड कर द. अफ्रीका के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। 48 ओवर के बाद कम रोशनी को लेकर अंपायर हरमनप्रीत कौर और बल्लेबाजों से बात की। और खराब रोशनी के कारण मैच रुक गया है। रोशनी में सुधार के बाद मैच फिर से शुरु हुआ। लेकिन द.अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 314 रन ही बना सकी।



## पेट्रा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की

**■ क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना को 7-5 और 6-1 से हराया**

**रोम, वार्ता।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की।

पेट्रा क्वितोवा ने महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) को मैच के बाद कहा कि मुझे 95 प्रतिशत लग रहा था कि मैं कोर्ट में कभी वापस नहीं लौट पायेगी। उस समय मैं टेनिस से ऊब चुकी थी। मैं सोच रही थी 'मैं अब और नहीं खेल सकती' इसलिए हमने बच्चे के लिए प्रयास करने का फैसला किया। क्वितोवा टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ट्यूनीशिया की विश्व नंबर 36 की ओन्स जबूर से भिड़ेगी। दूसरे मैच में, ब्रिटेन की सोनय कार्टल ने दो घंटे 10 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बिरेल को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

## मिशेल ओवेन को चोटिल मैक्सवेल की जगह पंजाब टीम में मिली जगह




**मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए ओवेन को लेकर खुश है: रिकी पोंटिंग**

**धर्मशाला, वार्ता।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है।

पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है।

वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी-20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है।

## रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया

**भारत के लिए अब केवल रोहित शर्मा एकदिवसीय में जारी रखेंगे खेलना**




**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे अब सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चल रहीं अटकलों पर विराम लग गया है। रोहित टेस्ट प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 12 शतकों और 18 अर्धशतकों की मदद से 40.57 के औसत से 4301 रन बनाए। रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान अपने सोशल मीडिया हैंडल से किया। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर अपनी टेस्ट कैप की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा कि मैं आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। इस प्रारूप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं वनडे में भारत के लिए खेलना जारी रखूंगा। भारत को टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जिताने के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ इस प्रारूप से संन्यास का ऐलान कर दिया था। भारत ने यह खिताब दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपने नाम किया था। भारतीय टीम को दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के बाद दोनों दिग्गजों ने टी-20 से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। अब 38 वर्षीय बल्लेबाज ने क्रिकेट से लंबे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी है। अब वह सिर्फ वनडे में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे। रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद यह साफ हो गया है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम को नया टेस्ट कप्तान मिलेगा। इस दौड़ में बुमराह, केएल राहुल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। इस सीरीज की शुरुआत जून में होगी। रोहित 2024-25 सीजन के दौरान खराब दौर से गुजरे। उन्होंने 15 मैचों में 10.83 के औसत से 164 रन बनाए। रोहित बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान खराब फॉर्म में थे। इसके बाद वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में अपने बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे। एडिलेड में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान जब रोहित वापस आए तो उन्होंने ओपनिंग नहीं की और यशस्वी जायसवाल तथा केएल राहुल को पारी का आगाज करने भेजा। रोहित की अनुपस्थिति में पहले टेस्ट में यशस्वी और राहुल की जोड़ी ने 201 रनों की साझेदारी की थी। रोहित छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन संघर्ष करते दिखे। ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट में उन्होंने महज 10 रन बनाए। इसके बाद रोहित ने शीर्ष क्रम में वापसी की, लेकिन वहां भी असफल रहे।

## मार्केज ने जून में प्रशिक्षण लेने वाले 28 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम की घोषणा की

**■ भारत क्वालीफायर के ग्रुप-सी में बांग्लादेश हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर को लेकर बुधवार को आगामी 18 मई से कोलकाता में शुरु होने वाले प्रशिक्षण शिविर के लिए 28 सदस्यीय संभावित दल की घोषणा की। भारत एएफसी एशियाई कप 2027 के अंतिम दौर के क्वालीफायर के ग्रुप सी में बंगलादेश, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ है। भारतीय टीम की अगली बड़ी चुनौती 10 जून को काई टेक स्पोर्ट्स पार्क में हांगकांग, चीन के साथ होने वाले मैचों को लेकर है। हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम का कोलकाता में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर होगा। भारतीय टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच खेलने के लिए बैंकॉक रवाना होगी। इसके बाद टीम एशियाई कप क्वालीफायर के लिए हांगकांग जाएगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 8 मई 2025

# पाकिस्तान को सबक

पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है। पाक को भारतीय सेना की इस कार्रवाई से सबक सीखना होगा, क्योंकि पाकिस्तान आए दिन आतंकियों को प्रशिक्षण देकर भारत में भेजता रहा है, जिससे भारत के लोगों की जान जा चुकी है। यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने ऐसी कार्रवाई की है। इससे पहले भी भारत ने कार्रवाई करके पाकिस्तान को सीख दी थी, लेकिन पाकिस्तान नहीं माना और 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी भेजकर निर्दोष लोगों की जान ले ली। आज पूरे भारत में सेना की इस कार्रवाई की सराहना हो रही है। देश के सभी धर्मों के लोग जश्न मना रहे हैं। हिन्दू, सिख, मुस्लिम और ईसाई सभी सेना की इस कार्रवाई की प्रशंसा कर रहे हैं। देर रात से ही देश में जश्न मनााया जा रहा है। इससे पहले भी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के 12 मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शिविर पर हमला किया। भारतीय मीडिया ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 200 - 300 आतंकवादी मारे गए। भारतीय सेना ने 28 सितंबर 2016 को भी पाक में सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी। सरहद पार सेना ने 38 आतंकवादी और 2 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था। इसी तरह से 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा अटैक हुआ था। 12 दिन के बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर दी थी। इतना सबकुछ होने के बाद भी पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण शिविर चालू रहे और भारत को अस्थिर करने के लिए नापाक हरकतें करता रहा, लेकिन अब बहुत हो चुका। पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारतीय सेना ने जिस तरह 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर लगभग सौ आतंकियों को मार गिराया और उनके प्रशिक्षण केंद्रों को तहस-नहस कर दिया, उससे साफ है कि भारत अब आतंकवाद के खात्मे को किसी हद तक जा सकता है। यहां सेना की सराहना करनी होगी कि उसने सिर्फ आतंकवादियों के नेटवर्क को ही निशाना बनाया। किसी भी नागरिक को कोई हानि नहीं होने दी। आज हमारी सेना दुनियां की पांचवीं सबसे बड़ी सेना है। इसके बावजदू पाकिस्तान की समझ में नहीं आया कि वह आतंकी गतिविधियों को रोके और अपनी सरजमीं का इसके लिए इस्तेमाल न होने दे। अगर पास्तिान यह सबकुछ करता, तो आज तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होता, लेकिन कहावत कि लातों केभूत बातों से नहीं मानते। यही भाषा पास्तिान को समझ में आती है, जिसके कारण उसे नुकसान उठाना पड़ता है। आतंकवाद केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्व के लिए चुनौती है। अगर कोई देश आतंकवाद का सुरक्षित ठिकाना बन गया हो, आतंकवादियों का शरणगाह बन गया हो, तो निश्चित तौर पर ऐसे ठिकानों को नष्ट करना मानवता का पहला कर्तव्य है। पूरी दुनिया एक स्वर में आतंकवाद के चारागाहों, शरणगाहों को खत्म करने की आवाज उठ रही है।

## जांबाज सैनिकों को सलाम



हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है, हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफतौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था, कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# इन्हें अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है

**2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था और कई दिनों तक मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनक लोगों ने उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था**



निर्मल रानी

उत्तरांचल का व्यस्त पर्यटक स्थल नैनीताल पिछले दिनों साम्प्रदायिकतावादियों के निशाने पर आ गया। ख़बरों के अनुसार 12 अप्रैल को नैनीताल में एक 12 वर्षीय नाबालिग़ लड़की के साथ उस्मान नामक एक वृद्ध आयु के आरोपी द्वारा कथित तौर पर बलात्कार किया गया। पीड़िता की मां द्वारा घटना की रिपोर्ट 30 अप्रैल को मल्लीताल थाने में दर्ज कराई गई। आरोप है कि आरोपी उस्मान स्कूल से आते समय बालिका को बहला फुसलाकर कार में बिठाकर ले गया और उसने कार में ही बच्ची के साथ दरिन्दिगी की। पुलिस द्वारा आरोपी को फ़ौरन गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। परन्तु प्राथमिकी दर्ज होते ही थाने में ही हिंदूवादी संगठनों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई। और उसी दिन देर रात से लेकर अगले दिन 1 मई तक इस घटना के विरुद्ध जो भीड़ द्वारा जो तांडव किया गया। उसकी तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उस्मान की दरिन्दिगी का बदला उसके समुदाय के लोगों से लिया जाने लगा। चुन चुनकर मुसलमानों के घरों व दुकानों में आग लगाई जाने लगी। अनेक मस्जिदें तोड़ी गईं व कई आग के हवाले कर दी गईं। सड़कों पर जुलूस निकालकर समुदाय विशेष के विरुद्ध नारेबाज़ी की गई।


इस घटना का एक अत्यंत सम्प्रदायिकतापूर्ण दुखद पहलू यह भी रहा कि जब हालात को नियंत्रित करने के लिए मल्लीताल थाने में तैनात उत्तराखंड पुलिस के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ़ ख़ान जो डयूटी पर तैनात थे, जब वहां पहुंचे तो उन्मादी भीड़ ने उन्हें भी घेर लिया। उनके साथ धक्का-मुक्की की और वर्दी का कॉलर पकड़ कर खींचने की कोशिश की। वे भी वहां प्रदर्शनकारियों की उग्रता का शिकार हो गए। उग्र भीड़ में कुछ लोग उनका नाम पूछते हुए अभद्रता धक्का-मुक्की करते देखे गए। भीड़ ने केवल धार्मिक आधार पर उन पर निशाना साधा और उन्हें कोतवाली के अंदर तक घसीट ले गए और कोतवाली में भी हंगामा करते रहे। इस घटना का वीडीओ भी सोशल मीडिया पसर शेयर हुआ और ख़ूब वायरल हुआ। इस घटना का दूसरा प्रभाव यह हुआ कि जो नैनीताल शांति व प्रकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर था वह भी साम्प्रदायिकता व अचानक साम्प्रदायिक उपद्रव के नाम से कलंकित हो गया। इतना ही नहीं करोड़ों रूपये का पर्यटन प्रभावित हुआ। और ख़बर तो यह है कि अगले महीने यानी जून तक की बुकिंग अनेक पर्यटकों द्वारा रद्द करा दी गई। एक ओर तो उपद्रवियों द्वारा एक व्यक्ति की दरिन्दिगी के चलते द्वारा उसके धर्म के लोगों के विरुद्ध जमकर फ़साद किया गया तो दूसरी तरफ़ इसी समाज के लोगों द्वारा उस्मान के विरुद्ध कई कड़े फ़ैसले लिए गए। नैनीताल के मुस्लिम संगठन अंजुमन-ए-इस्लामिया द्वारा उस्मान को मुस्लिम समाज से बहिष्कृत करने का फ़ैसला लिया गया और उसके मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। साथ ही पीड़िता के इलाज से लेकर उसकी शिक्षा तक का पूरा ख़र्च उठाने की घोषणा की गई। अंजुमन ने यथाशीघ्र आरोपी को सख्त से सख्त सज़ा दिलाने की मांग की तथा इस घृणित कार्य की घोर निंदा की व इसे अमानवीय कृत्य बताया। परन्तु इस साम्प्रदायिक उपद्रव ने वही सवाल एक बार फिर खड़ा कर दिया कि क्या किसी एक व्यक्ति के अपराध की सज़ा उसके पूरे धर्म व उसके धर्मस्थलों को दी जा सकती है? और दूसरा यह भी कि बलात्कार जैसे अपराध पर उपद्रवियों का ग़ुस्सा क्या किसी अन्य समाज से जुड़े आरोपियों पर भी कभी उतरते देखा गया? और तीसरा यह भी कि आख़िर वह कौन लोग हैं जो समय समय पर बलात्कारियों व हत्यारों के पक्ष में दिखाई देते हैं? याद कीजिए, इसी उत्तरांचल राज्य में सितम्बर 2022 में 19 वर्षीय अंकिता की हत्या एक रिज़ॉर्ट संचालक और भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य, रिज़ॉर्ट मैनेजर सौरभ भास्कर और एक अन्य रिसोर्ट कर्मी अंकित द्वारा कर दी गई थी। अंकिता विनोद आर्य के स्वामित्व वाले वंतरा रिज़ॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी कर रही थी। पुलिस के अनुसार अंकिता को रिसोर्ट के 'विशेष' मेहमानों के साथ 'अनैतिक कार्य' करने के लिए मजबूर किया जा रहा था और जब अंकिता ने इस बारे में मना किया व इस घटना को दूसरों को बताने की बात कही तो उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद अंकिता का शव ऋषिकेश-हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर के पावर हाउस के पास बरामद किया गया है। उस समय हत्यारे पुलकित का भाई अंकित भी उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष था। यह पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है। अंकिता भी उत्तरांचल की ही बेटी थी और पौड़ी गढ़वाल के डोम श्रीकोट की रहने वालीं थीं। इस घटना के बाद न तो किसी भीड़ का खून खौला न कोई हिंदूवादी संगठन सड़कों पर उतरते नज़र आया? आख़िर क्यों? हां महिला अस्मिता के इन साम्प्रदायिकतावादी उपद्रवियों की भीड़ उस समय हत्यारों और बलात्कारियों के पक्ष में ज़रूर खड़ी दिखाई दी थी जब 2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफ़ा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना अंजाम दी गई थी। और कई दिनों तक कई लोगों द्वारा मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनेक लोगों द्वारा उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था। उस समय राज्य में भाजपा व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की गठबंधन सरकार थी। पुलिस द्वारा आसिफ़ा की मौत व बलात्कार के सिलसिले में एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, चार पुलिस अधिकारियों और एक किशोर सहित आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। मगर देश का इतिहास याद रखेगा कि इन आरोपियों की गिरफ़्तारी ने साम्प्रदायिक रूप ले लिया। भाजपा सहित अनेक हिंदूवादी संगठन जम्मू में विरोध प्रदर्शन करने लगे। हिंदूवादी वकीलों द्वारा आरोप पत्र दायर करने के लिए पुलिस को अदालत में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की गई। यहां तक कि सरकार में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो मंत्रियों व अनेक विधायकों ने आरोपियों के समर्थन में एक तिरंगा रैली निकाली। विश्व मीडिया में इस शर्मनाक घटना की खूब चर्चा हुई थी।

तो क्या अंकिता व आसिफ़ा की अस्मिता महिला अस्मिता नहीं थी। क्या बिल्क़ीस बानो की अस्मिता महिला अस्मिता का सवाल नहीं है। मणिपुर में नग्न परेड करा दी जाती है किसी का खून नहीं खोलता। आसाराम जैसे अनेक बलात्कारियों पर किसी का खून नहीं खोलता। हाथरस बलात्कार कांड में भी हत्यारों व बलात्कारियों के समर्थन में लोग जुट जाते हैं। यह आखिर कैसा देश और कैसा न्याय है जहां एक विशेष विचारधारा के लोगों को अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफरत है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**



# प्रतिरक्षा कोशिकाएं दर्द भी कम करती हैं



**साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं, उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं**

आमूमन प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर को संक्रमण से बचाने का काम करती हैं, लेकिन रेग्युलेटरी टी कोशिकाओं (ट्रेग्स) का काम एक तरह से सामंजस्य की स्थिति बनाए रखना होता है। ये सूजन कम करती हैं, घाव भरने में मदद करती हैं और प्रतिरक्षा तंत्र को स्वयं अपने शरीर के विरुद्ध काम करने से रोकती हैं और अब, वैज्ञानिकों ने पाया है कि कुछ ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द भी कम कर सकती हैं, हालांकि यह असर केवल मादा चूहों में देखा गया है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ता यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि ट्रेग्स दर्द को कैसे प्रभावित करती हैं। उन्होंने मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढंकने वाली सुरक्षा झिल्लियों (मेनिन्जेस) में मौजूद ट्रेग्स पर ध्यान दिया, जहां ये कोशिकाएं सामान्य से कहीं ज्यादा पाई जाती हैं।

परीक्षण के लिए उन्होंने ऐसे चूहे तैयार किए जिनमें इन खास ट्रेग्स को एक बैक्टीरिया विष के माध्यम से खत्म किया जा सकता था। जब मादा चूहों से ट्रेग्स हटाई गई, तो उनकी यांत्रिक दर्द (जैसे दबाने या छूने से होने वाला दर्द) के प्रति संवेदनशीलता बढ़ गई। लेकिन नर चूहों में ऐसा कोई असर नहीं देखा गया। हालांकि ट्रेग्स ने गर्मी या ठंड से जुड़ी दर्द की संवेदनशीलता पर कोई असर नहीं डाला -न मादा में और न ही नर में।दिलचस्प बात यह है कि जब वैज्ञानिकों ने आईएल-2 नामक एक प्रोटीन के ज़रिए ट्रेग्स कोशिकाओं की संख्या बढ़ाई तो चोटिल मादा चूहों में दर्द पर प्रतिक्रिया बेहतर हो गई-यानी दर्द कम महसूस हुआ। लेकिन जब मादा हार्मोन (जैसे एस्ट्रोजन) को बाधित कर दिया गया अथवा अंडाशय को हटा दिया गया तो आईएल-2 का असर नहीं हुआ। इससे साफ है कि ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द से राहत देने का अपना काम मादा हार्मोन, खास तौर पर एस्ट्रोजन, की मदद से करती हैं।इतना ही नहीं, ट्रेग्स कोशिकाएं दर्द कम करने के लिए सिर्फ सूजन रोकने के ज़रिए काम नहीं करतीं बल्कि सीधे तंत्रिका कोशिकाओं पर असर डालती हैं। ये एंकेफेलिन्स नामक प्राकृतिक दर्दनाशक अणु छोड़ती हैं, जो तंत्रिका कोशिकाओं के दर्दरोधी ग्राहियों को सक्रिय करके दर्द की तीव्रता कम कर देते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि महिलाओं और जेंडर पुष्टि देखभाल (जेंडर अफर्मिंग केयर) ले रहे लोगों के लिए दर्द की समस्या ज्यादा होती है। उनके संदर्भ में यह खोज महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। कई शोधकर्ता आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के लिए ट्रेग कोशिकाओं की संख्या बढ़ाने पर कार्य कर रहे हैं। उसमें दर्द प्रबंधन के दृष्टिकोण को जोड़ना मददगार हो सकता है। अलबत्ता, इस राह में कई चुनौतियां हैं-मनुष्यों के मस्तिष्क और रीढ़ की झिल्ली तक ट्रेग्स को सही-सलामत पहुंचाना आसान नहीं होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि आत्म-प्रतिरक्षा रोगों के इलाज में इस्तेमाल हो रहा प्रतिरक्षा-वृद्धि उपचार इस राह को आसान कर सकता है।

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'

योगेश कुमार गोयल



रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई।

डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थाई समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते




**8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे, क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी**

अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरुआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है।

मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की।

भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरुआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है। रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है। रेडक्रॉस देश के किसी भी भाग में मानवीय या प्राकृतिक आपदा के शिकार लोगों को बचाने तथा उन्हें राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है।

# दांत के सड़ने पर हो सकता है कैंसर का खतरा

दांतों में सड़न होने से सिर और गर्दन के पास स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कैविटी के कारण दांत के अंदरूनी हिस्से से होते हुए गर्दन और सिर में गंभीर बीमारी हो सकती है। हालांकि कैविटी की वजह से सीधा कैंसर नहीं होता है। लेकिन इससे जो सूजन और संक्रमण फैलता है, वह धीरे-धीरे कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसलिए आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या दांत सड़ने से कैंसर का खतरा हो सकता है।

### क्रॉनिक सूजन...

वहीं जिस कैविटी से पानी बाहर नहीं निकल पाता है, तो वहां पर क्रॉनिक सूजन की वजह से साइटोकाइन रिलीज होता है। इसके आसपास के टिशू में क्षति हो सकती है। रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीसीज की वजह से सूजन अधिक बढ़ती है। जिसकी वजह से सेल्स में परिवर्तन होने के साथ दांत सड़ता है।

### ओरल इन्फेक्शन...

बैक्टीरिया टॉक्सिन, फ्यूसोबैक्टीरियम न्यूक्लियटम और पोर्फिरोमोनस जिंजिवलिस जैसे बैक्टीरिया भी दांतों में मिलते हैं। इनमें टॉक्सिन सेल्स बढ़ता है।

### खराब ओरल हाइजीन...

इसके अलावा खराब ओरल हाइजीन भी एक रिस्क फैक्टर है, जोकि आमतौर पर बिना ट्रीटमेंट वाली कैविटी में मिलता है। इसको सिर और गर्दन के कैंसर का भी कारक माना गया है। वहीं खाब ओरल हाइजीन की वजह से तंबाकू और शराब जैसे कैंसरकारी कारकों के संपर्क में आने से भी मुंह में हानिकारक पदार्थों का जमाव हो सकता है।

### एचपीवी की भूमिका...

अगर मुंह के अंदर लंबे समय तक संक्रमण रहता है, तो इससे ह्यूमन पैपिलोमावायरस के संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। यह गले के कैंसर से बहुत करीब से जुड़ा हुआ है।

### ल्यूकोप्लाकिया या मुंह का घाव

जब भी हम मुंह के कैविटी या फिर इंफेक्शन का इलाज नहीं कराते हैं, तो ल्यूकोप्लाकिया नामक कैंसर से पहले होने वाले घाव हो सकते हैं। जोकि बाद में गंभीर बीमारी में भी बदल सकते हैं।

### पोषक तत्वों की कमी...

बता दें कि कैविटी की वजह से खाने में दर्द और परेशानी होती है। जिससे हमारी शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।



## पहलगाम आतंकी हमले का भारत ने पाकिस्तान से किया हिसाब चुकता

# भारत की कार्रवाई से सहमा पाक

## दुनिया के देशों ने किया भारत का समर्थन



### आतंकवाद से लड़ाई में हम भारत के साथः ट्रम्प



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत ने जब पहलगाम का बदला लेने के लिए पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर बमबारी की, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पता था कि कुछ होने वाला है और उम्मीद जताई कि यह जल्दी खत्म हो जाएगा। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है, हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ में कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, वे (भारत-पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई, कई दशकों से लड़ रहे हैं। अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रम्प विश्व के पहले नेता थे जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, तथा आतंकवादी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है, तथा दोनों पक्षों को आपस में मुद्दों को सुलझाने दिया है। इससे पहले, कल देर रात के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया। भारत ने कुल मिलाकर, नौ स्थानों को निशाना बनाया गया है। बयान में कहा गया है, हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी गई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमलों के तरीके में काफी संयम बरता है। उन्होंने कहा कि भारत ने यह कदम पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें आतंकवादियों ने 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी।

### इज़रायल भारत की आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है



**नई दिल्ली।** इजरायल ने बुधवार को भारत के ऑपरेशन सिंदूर को अपना समर्थन देने की घोषणा की, जिसके तहत भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके के नौ स्थलों पर आतंकवादी शिविरों पर हमला किया। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अपने देश का समर्थन व्यक्त किया। हैशटैग ऑपरेशन सिंदूर के साथ उन्होंने लिखा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को ज्ञात होना चाहिए कि निर्दोषों लोगों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिए उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। राजदूत अजार की यह पोस्ट भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है। भारत के भारतीय सशस्त्र बलों ने कल देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर हमला करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है।

### हम स्थिति पर नजर रखे हुएः मार्को रूबियो



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालातों पर बारीकी से नज़र रखे हुए है और उम्मीद करता है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रखेगा।

रुबियो ने कहा, मैं भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालात पर बारीकी से नज़र रख रहा हूं। मैं आज पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों से सहमत हूं कि उम्मीद है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह शर्म की बात है। हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने इसके बारे में अभी सुना, अतीत के कुछ अंशों के आधार पर मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ देते हुए यह बात कही है। वे लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई दशकों से लड़ रहे हैं अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले विश्व नेता हैं जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके उनसे बात की, और आतंकी हमले की निंदा की और मदद की पेशकश की।

## पाक ने कबूलाः भारतीय वायुसेना ने अपनी सीमा से ही दागे हथियार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने बुधवार सुबह दावा किया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हवाई क्षेत्र से ही हथियारों का इस्तेमाल नागरिक आबादी को निशाना बनाने के लिए किया। वहीं पाकिस्तान के जवाब में भारत ने कहा, हमांरी कार्रवाई केंद्रित, मापी हुई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधाओं को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और हमला करने में काफी संयम बरता गया है। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतरे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने एक बयान में आरोप लगाया गया कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के पंजाब में मुरीदके और बहवलपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कोटली और मुजफ्फराबाद में नियंत्रण रेखा के पार के इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने कहा कि भारतीय कार्रवाई से वाणिज्यिक हवाई यातायात को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर रात 1:44 बजे सटीक हमले किए।



**पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ISPR ने यह फोटो जारी की है। इसमें बहावलपुर के एक हॉस्पिटल में हमले में घायल का इलाज हो रहा है।**

### शहबाज ने इसे बताया युद्ध, जवाब देने की दी धमकी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकी ठिकानों पर भारत की गोलाबारी को युद्ध की कार्रवाई बताते हुए कहा है कि उनका देश जवाब दे रहा है। शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, पाकिस्तान को भारत के इस एक्ट ऑफ वार का माकूल जवाब देने का पूरा हक है और जवाब दिया जा रहा है।

### अगर भारत आगे कार्रवाई नहीं करता तो पाकिस्तान भी कुछ नहीं करेगाः ख्वाजा आसिफ



**इस्लामाबाद।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर से हताश पाकिस्तान ने कहा है कि यदि भारत आगे और कार्रवाई नहीं करता है तो पाकिस्तान भी कार्रवाई नहीं करेगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक टेलीविजन चैनल से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई की शुरुआत भारत ने की है और हमने इसके बाद जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यदि भारत रुक जाता है तो पाकिस्तान भी कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

## सभी की सुरक्षा सुनिश्चित होगीः सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को कहा कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सिन्हा ने आज उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया कि वे संवेदनशील इलाकों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में रात के समय सीमा पर भारी गोलाबारी देखी गई जिसमें तीन नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। गोलाबारी में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सभी सीमावर्ती जिलों के डीसी सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जायजा लिया। मैं स्थिति पर करीब से नज़र रख रहा हूं और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैंने डीसी को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों को संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हम हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

## ऑपरेशन मूवमेंट से संबंधित कंटेंट साझा न करें

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने बुधवार को आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी की और जिले में सुरक्षा तैनाती अथवा ऑपरेशनल मूवमेंट से संबंधित कोई भी जानकारी अपलोड या साझा न करने की अपील की। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी नागरिकों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे सोशल मीडिया या किसी अन्य सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा तैनाती, ऑपरेशनल मूवमेंट या संवेदनशील स्थानों से संबंधित किसी भी कंटेन्ट को अपलोड या साझा न करें। ऐसी गति. विधियां सार्वजनिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। ऐसा करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एडवाइजरी में आगे कहा गया है कि जम्मू जिला पुलिस सभी से जिम्मेदारी से काम करने और ऐसी गतिविधियों से बचने का आग्रह करती है जो सुरक्षा अभियानों की प्रभावशीलता से समझौता कर सकती हैं।

## वैश्विक आतंकवादी है मसूद अज़हर

**बहावलपुर।** भारत ने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के बहावलपुर स्थित घर को निशाना बनाकर हमला किया है। मीडिया ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस घटना में कम से कम 14 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना के बाद इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है, हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं किया गया है। मसूद अजहर ने दावा किया कि मृतकों में उसकी सबसे बड़ी बहन और उसके पति मसूद अजहर का भतीजा, उसकी पत्नी, एक और भतीजी और उनके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि मंगलवार देर रात हुए हमले में मसूद अजहर का एक करीबी सहयोगी और उसकी मां तथा दो अन्य करीबी सहयोगी भी मारे गए हैं। बयान में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा गया है कि इस हमले में सभी नियम तोड़ दिए हैं। गौरतलब है कि मसूद अजहर और जैश-ए-मोहम्मद 2001 में भारतीय संसद पर हमले, जनवरी 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले, फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले में शामिल थे। मई 2019 को संयुक्त राष्ट्र ने मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया।

### ऑपरेशन सिंदूर



बहावलपुर के बाहरी इलाके में एयर स्ट्राइक के दौरान मस्जिद क्षतिग्रस्त हुई।



लाहौर से 30 किमी दूर मुरीदके शहर के आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया, यहां लोगों के घरों को खाली करा दिया गया।

### एलओसी पर पाक की जवाबी कार्रवाई



जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की है, जिसमें 15 की मौत व दर्जनों घायल हुए हैं।



पाकिस्तानी सेना की ओर से बॉर्डर पर की गई गोलाबारी में कई लोग घायल हुए।

## डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री को ऑपरेशन सिंदूर की दी जानकारी

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी है जिसके तहत भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों पर सटीक हमले किए हैं। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात बताया कि हमलों के तुरंत बाद एनएसए डोभाल ने अमे. रिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की और उन्हें इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा, आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक नृशंस हमले में 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। भारत के पास विश्वसनीय सुराग, तकनीकी जानकारी, जीवित बचे लोगों की गवाही और अन्य सबूत हैं जो इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों की स्पष्ट संलिप्तता की ओर संकेत करते हैं। भारत को पहले यह उम्मीद थी कि पाकिस्तान आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसके बजाय, पिछले पखवाड़े के दौरान, पाकिस्तान ने पहगाम हमले में उनकी संलिप्तता से इनकार दिया और भारत के खिलाफ झूठे अभियान चलाने का आरोप लगाया है। भारत की कार्रवाई अपने लक्ष्य पर केंद्रित और सटीक रही है तथा जिम्मेदाराना और ऐसी कार्रवाइयों या प्रतिक्रियाओं से बचने वाली है जो स्थिति की गंभीरता को बढ़ा दें।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D
BHMS, BAMS
BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor